वर्ष 13, अंक 200
गैरसैंण
शुक्रवार
25 नवम्बर 2022
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## फरार वारंटी एई कोटद्वार से गिरफ्तार

**नई टिहरी।** जनपद में जालसासी के बाद में फरार चल रहे वारंटी को टिहरी पुलिस ने कोटद्वार से गिरफ्तार किया है। वारंटी पुष्कर सिंह नेगी पुत्र बलबीर सिंह नेगी घनसाली लघु सिंचाई विभाग में अपर सहायक अभियंता है। पुलिस की मीडीया सेल ने प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारियों को लेकर पुलिस एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देश पर तेजी से काम कर रही है। जिस क्रम में हिण्डोलाखाल पुलिस ने बीते दिवस वारंटी पुष्कर सिंह नेगी पुत्र बलवीर सिंह नेगी निवासी शिबुनगर कोटद्वार जनपद पौड़ी गढ़वाल (अपर सहायक अभियंता लघु सिंचाई उपखण्ड घनसाली) को गिरफ्तार किया। मामले में आरोपी 4 वर्ष पूर्व न्यायलय से गिरफ्तारी स्टे प्राप्त किया हुआ था और तब से ही फरार चल रहा था। आरोपी को हिंडोलाखाल थाना पुलिस ने कोटद्वार जनपद पौड़ी गढ़वाल से गिरफ्तार किया है। जिसे गुरुवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया। आरोपी को पकड़ने में एसआई धनंजयकुमार और मुकेश की अहम भूमिका रही।

## जहरखुरानी का शिकार हुआ नेपाली किशोर

**चम्पावत।** टनकपुर में एक नेपाली किशोर जहरखुरानी का शिकार हो गया। जहरखुरानों ने नाबालिग के पास से छह हजार रूपए नकदी भी लूट ली। गुरुवार को नेपाल निवासी 17 वर्षीय भरत बम पुत्र पृथ्वी बहादुर रोडवेज स्टेशन के पास बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद 108 एंबुलेंस से नाबालिग को उपजिला अस्पताल पहुंचाया गया। किशोर ने बताया कि वह पंजाब में एक निजी रेस्टोरेंट में काम करता है। बताया कि उसके पास छह हजारु रुपए थे जो चोरी कर लिए हैं।

## भराड़ीसैंण में होगा जनता विधान सभा सत्र

**चमोली।** ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में विधानसभा का ग्रीष्मकालीन के साथ ही शीतकालीन सत्र भी आयोजित न होने पर समिति ने नाराजगी जताई है। इसलिए 29 नबंवर को भराड़ीसैंण विधानसभा के मुख्य गेट पर स्थाई राजधानी गैरसैंण संयुक्त संघर्ष समिति जनता विधान सभा सत्र का आयोजन करेगी।

# विस के बर्खास्त कर्मचारियों को हाईकोर्ट से झटका

**◆डबल बेंच ने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को सही माना**
**◆एकल बेंच के फैसले को किया निरस्त, सुप्रीम कोर्ट जाएंगे अब कर्मचारी**

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा एवं सचिवालय मैं बैक डोर से तदर्थ नियुक्तियां पाने वाले कर्मचारियों को भले ही एक बार अदालत से नौकरी पर वापस आने की राहत मिली थी लेकिन हाई कोर्ट की डबल बेंच ने उक्त कर्मचारियों के मामले में विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी के फैसले को सही मानते हुए एकल पीठ के गुरु आदेश को निरस्त कर दिया है। हाई कोर्ट की डबल बेंच के इस आदेश के साथ ही इन कर्मचारियों को अब घर बैठना होगा।

राज्य गठन के बाद उत्तराखंड में हुई बिना परीक्षाओं की भर्ती के मामले में उत्तराखंड विधानसभा सचिवालय से बर्खास्त कर्मचारियों को हाईकोर्ट ने झटका दे दिया है। हाईकोर्ट ने बीते अक्टूबर माह के आदेश को निरस्त करते हुए विधान सभा सचिवालय के कर्मचारियों को बर्खास्त करने के निर्णय को सही ठहराया है।

गुरुवार को उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी व न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की खंडपीठ ने विधानसभा के 228 बर्खास्त कर्मचारियों को बहाल करने के आदेश को चुनौती देने वाली विधानसभा की ओर से दायर विशेष अपील पर सुनवाई करने के बाद एकलपीठ द्वारा दिये गए अक्टूबर माह के आदेश को निरस्त कर दिया है। डबल बैच ने विधान सभा सचिवालय के निर्देश को सही ठहराया है। खंडपीठ ने कहा कि बर्खास्तगी के आदेश को रोका नहीं जा सकता है।

गौरतलब है कि विधानसभा सचिवालय की ओर से एकलपीठ के आदेश को खंडपीठ में चुनौती देते हुए कहा गया था कि बर्खास्त किए गए कर्मचारियों की नियुक्ति काम चलाऊ व्यवस्था के तहत की गई थी। शर्तों के अनुसार उनकी सेवाएं कभी भी बिना नोटिस व बिना कारण के समाप्त की जा सकती हैं। साथ ही उनकी नियुक्तियां विधानसभा सेवा नियमावली के विरुद्ध की गई है। ज्ञात हो कि तीन सदस्यीय विशेषज्ञ जांच समिति की रिपोर्ट की सिफारिश के आधार पर 2016 में हुई 150 तदर्थ नियुक्तियां, 2020 में हुई छह तदर्थ नियुक्तियां, 2021 में हुई 72 तदर्थ नियुक्तियां और उपनल के माध्यम से हुई 22 नियुक्तियां रद्द की गई थी।

वही बर्खास्त कर्मचारियों की ओर से कहा गया था कि उनको बर्खास्त करते समय अध्यक्ष ने संविधान के अनुच्टेद 14 का उल्लंघन किया है। अध्यक्ष ने 2016 से 2021 तक के कर्मचारियों को ही बर्खास्त किया है, जबकि ऐसी ही नियुक्ति विधान सभा सचिवालय में 2000 से 2015 के बीच भी हुई हैं, जिनको नियमित भी किया जा चुका है। यह नियम सब पर एक समान लागू होना चाहिए था। उन्हें ही बर्खास्त क्यों किया गया। बैक डोर से हुई इन भर्तियों का मामला तब सामने आया था जब उत्तराखंड में यूके एसएससी की भर्तियों में नकल घोटाले का खुलासा हुआ था। इस घोटाले की चपेट में विधानसभा एवं सचिवालय में नेताओं व नौकरशाहों द्वारा अपने चहेतों को बेलदौर से नौकरी लगाने का मामला भी काफी चर्चाओं में रहा जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष रितू भूषण खंडूड़ी ने सख्त रवैया अपनाते हुए इन 228 कर्मचारियों को हटा दिया था। बर्खास्त कर्मचारी विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ न्यायालय की शरण में गए जहां कर्मचारियों के हित में फैसला आया और सभी को पूर्व की भांति नौकरी में वापस लेने के आदेश दिए गए।

सिंगल बेंच के निर्णय के खिलाफ सरकार ने इस मामले को डबल बेंच में दाखिल किया। आज डबल बेंच ने सिंगल बेंच के फैसले को खंडपीठ ने रोक लगाते हुए विधानसभा अध्यक्ष का आदेश को सही मानते हुए बर्खास्त कर्मचारियों की आशाओं पर पानी फेर दिया। बताया जा रहा है कि कर्मचारियों सुप्रीम कोर्ट की शरण में जाने की तैयारी कर रहे हैं।

### शिवाजी पर टिप्पणी को लेकर उद्धव बोले

# राज्यपाल कोश्यारी को नहीं हटाया गया तो आंदोलन होगा

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने धमकी दी है कि यदि महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को नहीं हटाया गया, तो प्रदेश में बड़ा आंदोलन होगा। उन्होंने सभी 'महाराष्ट्र प्रेमियों' को इस आंदोलन के लिए संगठित होने की अपील की है।

राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज को पुराने जमाने का आदर्श बताने पर महाराष्ट्र में बवाल बढ़ता जा रहा है। सभी भाजपा विरोधी दलों के लिए अब यह एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गया है। वीरवार को पूर्व मुख्यमंत्री व शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे यानी उद्धव गुट के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने एक संवाददाता सम्मेलन में धमकी दी कि यदि राज्यपाल को जल्दी नहीं बदला गया, तो महाराष्ट्र बंद जैसा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने सभी महाराष्ट्र प्रेमियों से राज्यपाल कोश्यारी के विरुद्ध दो दिन के अंदर एकजुट होने की

अपील की है। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल किया कि जिनके लिए वृद्धाश्रम में भी जगह नहीं रहती, उन्हें राज्यपाल बनाकर क्यों भेजा जाता है ?उद्धव ने कुछ पुरानी घटनाओं की याद दिलाते हुए कहा कि मैं अब कोश्यारी को राज्यपाल नहीं कहूंगा। कोश्यारी ने कुछ दिनों पहले मुंबई और ठाणे के लोगों का अपमान किया था। मैंने तभी कहा था कि इन्हें कोल्हापुरी चप्पल दिखानी चाहिए। उससे पहले उन्होंने सावित्री बाई फुले के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की। तब हम लोगों ने सोचा कि चलो जाने दो, लेकिन अब हमारे देवता छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान करने की इनकी हिम्मत पड़ गई।

### सपा अध्यक्ष का लोकसभा चुनाव पर बड़ा एलान, बोले

# जहां से पहली बार चुनाव लड़ा था, वहीं से लड़ूंगा

**कन्नौज, एजेंसी।** वर्ष 2024 में होने जा वाले लोकसभा चुनावों को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बड़ा एलान कर दिया है।

उन्होंने कहा कि वह कन्नौज से 2024 का चुनाव लड़ेंगे। दरअसल, कन्नौज में एक कार्यक्रम के दौरान सवाल के प्रतिउत्तर में ये बात कही।

उन्होंने कहा कि खाली बैठा हूं क्या करूंगा, चुनाव तो लड़ लूंगा। हमारा काम ही है चुनाव लड़ना है, जहां से पहली बार चुनाव लड़ा था, वहीं से लड़ लूंगा। वैसे भी पार्टी है तय करेगी की चुनाव में क्या करना है। हमारी चुनावी रणनीति पार्टी की सहमति के आधार पर बनेगी।

बता दें कि एक निजी शादी समारोह में पहुंचे सपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा से चुनाव लड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि कन्नौज में उन्होंने

विकास कार्य कराएं हैं। इससे चुनाव भी लड़ेंगे। गुरुवार को कन्नौज नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन सुनील कुमार गुप्ता उर्फ मुन्ना के बेटे यश चंद्रगुप्त का तिलक समारोह हुआ।

जीटी रोड एफएफडीसी के पास फार्म हाउस में बधाई देने अखिलेश यादव पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कन्नौज लोकसभा से चुनाव लड़ने का एलान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था धड़ाम हैं। सरकार के लोग खनन कर रहे हैं। गिरफ्तारी पर खुलेआम भाजपाई थाने से आरोपियों को टुड़ाकर ले जाते हैं।

## खसरे के बढ़ते संक्रमण को लेकर केंद्र सतर्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में बिहार, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, केरल और महाराष्ट्र के कुछ जिलों में खसरे के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए केंद्र सरकार सतर्क हो गई है। उसने इस पर काबू पाने के लिए सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों से संवेदनशील क्षेत्रों में रह रहे नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को खसरा और रूबेला के टीकों की अतिरिक्त खुराक देने पर विचार करने को कहा है।स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव पी. अशोक बाबू ने कहा कि इस संबंध में नीति आयोग के विशेषज्ञों के साथ बुधवार को एक बैठक की गई। मिली जानकारी के आधार पर राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को संवेदनशील क्षेत्रों में नौ माह से पांच साल तक के सभी बच्चों को टीके की अतिरिक्त खुराक देने पर विचार करने की सलाह दी गई है।सरकार ने कहा है कि यह खुराक नौ से 12 महीने के बीच दी जाने वाली पहली खुराक और 16 से 24 माह के बीच दी जाने वाली दूसरी खुराक के अतिरिक्त होगी।

# जामा मस्जिद में जा सकेंगी लड़कियां

### एलजी के दखल के बाद वापस लिया गया प्रतिबंध का आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की जामा मस्जिद में लड़कियों के प्रवेश पर लगाया गया प्रतिबंध वापस ले लिया गया है। अब जामा मस्जिद में लड़कियां प्रवेश कर सकेंगी। मामला तूल पकड़ने के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इस पर हस्तक्षेप किया है। जानकारी के मुताबिक, उपराज्यपाल ने जामा मस्जिद के शाही इमाम बुखारी से बात की और लड़कियों का प्रवेश प्रतिबंधित करने वाले आदेश को वापस लेने का अनुरोध किया।

इससे पहले इस मामले को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस मामले को लेकर जामा मस्जिद प्रबंधन को नोटिस जारी किया था। साथ ही इस पूरे मामले पर स्पष्टीकरण मांगने के साथ उनसे महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न करने को लेकर आगाह किया था। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा था कि हम इस मामले को

स्वतरू संज्ञान ले रहे हैं, यह गंभीर मामला है। जल्द ही इस पर आगे की कार्यवाई की जाएगी।

वहीं, लड़कियों के मस्जिद में प्रवेश पर प्रतिबंध के फैसले को लेकर मस्जिद प्रबंधन की तरफ से अजीबोगरीब दलील दी गई थी। जामा मस्जिद प्रबंधन का कहना था कि महिलाओं का प्रवेश प्रतिबंधित नहीं है। केवल अकेली महिलाएं की एंट्री पर बैन है। क्योंकि इस धार्मिक स्थल पर लड़िकयां अनुचित हरकतें करती हैं, वीडियो शूट करती हैं। इन सब को रोकने के लिए प्रतिबंध ने ये कदम उठाया है। मस्जिद प्रबंधन का कहना है कि परिवार या विवाहित जोड़ों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

वहीं, दूसरी तरफ दिल्ली महिला आयोग ने भी जामा मस्जिद प्रबंधन के इस फैसले पर नाराजगी जाहिर की थी। डीसीडब्ल्यू चीफ स्वाति मालीवाल ने मस्जिद में लड़कियों के प्रवेश पर रोक के बाद जामा मस्जिद के इमाम को नोटिस जारी किया था। स्वाति मालीवल ने कहा था कि जामा मस्जिद में महिलाओं की एंट्री रोकने का फैसला बिल्कुल गलत है। स्वाति मालीवाल ने मस्जिद प्रबंधन के इस फैसले को तालिबानी करार दिया था। उन्होंने कहा था कि जितना हक एक पुरुष को इबादत का है उतना ही एक महिला को भी। मैं जामा मस्जिद के इमाम को नोटिस जारी कर रही हूं। इस तरह महिलाओं की एंट्री बैन करने का अधिकार किसी को नहीं है।

बताते चलें कि जामा मस्जिद में लड़कियों के प्रवेश पर प्रतिबंध के मामले को दैनिक जागरण ने प्रमुखता से उठाया। जामा मस्जिद के प्रवेश द्वारों से लड़कियों के प्रवेश पर प्रतिबंध के सूचना पट हटा लिए गए हैं। इमाम सैयद अहमद बुखारी ने की इसकी पुष्टि की है। जामा मस्जिद प्रबंधन के इस फैसले को लेकर मुस्लिम संगठनों, सामाजिक संगठनों और महिला संगठनों की ओर से तीखी प्रतिक्रिया सामने आई। लोग इसे महिला विरोधी मानसिकता की पराकाष्ठा बताते हुए मस्जिद प्रबंधन से ये फैसला तुरंत वापस लेने की मांग कर रहे थे।

# सीएम ने किया मसूरी में सशक्त उत्तराखंड चिंतन शिविर में प्रतिभाग

**देहरादून।** सशक्त उत्तराखंड @25 चिंतन शिविर के अंतिम दिन आज वन विभाग एवं कौशल विकास के की लघु एवं दीर्घकालिक योजनाओं पर प्रस्तुतिकरण दिया।

वन विभाग के प्रमुख वन संरक्षक अनूप मालिक द्वारा दिए गए प्रस्तुतिकरण में बताया गया कि किस तरह से विभाग दीर्घ एवं लघु योजनाओं पर काम कर रहा है। प्रति आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पांच नए डेस्टिनेशन को अगले पांच वर्षों में चयनित एवं विकसित किए जाएंगे। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मार्केटिंग लिंकेज बनाकर 10 नए डेस्टिनेशन को अगले दस वर्ष में विकसित किए जाएंगे। मानव-वन्य जीव संघर्ष को रोकने हेतु स्टेट एक्शन प्लान बनाया जाएगा। साथ ही संवेदनशील इलाकों में रैपिड रेस्पन्स टीमों का गठन किया जाएगा, स्टेक होल्डर्स यानि स्थानीय निवासियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों में बंदरों के आतंक को कम करने के लिए बताया गया कि बंदरों को पकड़कर इनकी नसबंदी की जा रही है। वहीं, हाथी एवं बाघ के पारंपरिक गलियारों को रिस्टोर करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

सचिव आयुष डा पंकज कुमार पांडेय द्वारा आयुष को लेकर विभाग का रोडमैप बताया गया। उन्होंने कहा कि आयुष को दोबारा स्थापित करना है। उत्तराखण्ड को आयुष और योग का हब बनाना बनाना है। इस क्षेत्र में प्राइवेट इन्वेस्टमेंट को प्रमोट

किया जा रहा है। आयुष ढांचे को अपग्रेड करने के प्रयास किये जा रहे हैं। अभी 300 वेलनेस सेन्टर राज्य में संचालित हो रहे हैं। योगा एवं नेचुरोपैथी का सेल बनाया जा रहा है।

उन्होंने दवाओं के प्रमाणीकरण करने की जानकारी भी दी। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर का सिस्टम बनाने की बात कही। जड़ी-बूटियों के प्रोडक्शन को बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने विभाग में प्रशिक्षित डक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ की कमी को इंगित किया। राज्य में आदर्श आयुष ग्राम विकसित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। बताया कि डेंगू में होम्योपैथी काफी कारगर साबित हो रही है।

डा.पंकज कुमार पाण्डेय द्वारा उद्योग के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों पर भी प्रस्तुतिकरण दिया गया जिसमें बताया गया कि हरिद्वार एवं पंतनगर सिडकुल में अच्छा काम हो रहा है। इकनमिक डेवलपमेन्ट के लिए स्वरोजगार पर जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि जीआई टैगिंग के बाद हमारी मार्केटिंग ऊपर आ जाती है। इसे बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में अच्छा कार्य हो रहा है।

टूरिज्म एवं सर्विस सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वन डिस्ट्रिक्ट टू प्रोडक्ट पर कार्य किए जा रहे है। उद्योग जगत के लोगों को राज्य में अधिकतम इन्वेस्ट के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रोडक्ट की जी.आई. टैगिंग पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन्वेस्टमेंट के लिए लैंड बैंक पर भी कार्य किए जा रहे हैं। गति शक्ति में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं।

सचिव कौशल विकास विजय कुमार यादव ने कौशल विकास पर कहा कि उद्योगों की डिमांड के हिसाब से कौशल विकास विभाग द्वारा लोगों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। लन्ग टर्म एवं शर्ट टर्म स्किल डेवलपमेंट की व्यवस्थाएं की गई हैं। फैकल्टी को भी अप स्किलिंग करने की व्यवस्था की जा रही है। अपडेटेट ट्रेनिंग मटेरियल एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ लोगों को प्रशिक्षण मिले इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। आईटीआई में स्पेशल ट्रैनिंग प्रोग्राम भी आयोजित किए जा रहे हैं। ये प्रशिक्षण देश के अच्टे संस्थानों से सहयोग लेकर किए जा रहे हैं। आईटीआई सहसपुर में स्किल हब भी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण देने वाले विभागों में आपसी समन्वय का होना भी जरूरी है।

कौशल विकास विभाग के प्रस्तुतिकरण के दौरान नैनीताल के जिलाधिकारी धीराज गबर्याल द्वारा पहाड़ी भवन निर्माण शैली को संरक्षित करने और रोजगार देने के उद्देश्य से हुनरशाला पहाड़ों में खोलने का सुझाव दिया गया। उनके द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कौशल विकास का पूरा ध्यान उद्योग की जरूरत पर आधारित है जबकि हम अपनी पारंपरिक हुनर को खो रहे हैं जिनके संरक्षित कर इसे पर्वतीय इलाकों में रोजगार सृजन का बड़ा माध्यम बनाया जा सकता है। सचिव स्वास्थ्य ड. आर. राजेश कुमार द्वारा कौशल विकास विभाग को नोडल विभाग बनाने का सुझाव दिया गया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, आनंद बर्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, एल फैनई, सचिवगण एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# भारतीय वायु सेना खरीदेगी एंटी रेडिएशन मिसाइल रुद्रम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुश्मनों से मुकाबला करने के लिए भारतीय वायु सेना ने अपनी ताकत में बढ़ोतरी कर रही है। मेक इन इंडिया मुहिम के तहत विकसित की गई देश की पहली स्वदेशी एंटी रेडिएशन मिसाइल श्रुद्रमश को अधिग्रहण करने के लिए सरकार को 1,400 करोड़ रुपये से अधिक का प्रस्ताव दिया है।

इस मामले की जानकारी रक्षा अधिकारियों ने दी है। अधिकारियों ने बाताय कि इस एंटी रेडिएशन मिसाइल का काम दुश्मनों के रडार लोकेशन के ट्रैक करने और नष्ट करना का है। रक्षा अधिकारियों ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, श्रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन द्वारा विकसित उन्नत मिसाइलों के अधिग्रहण का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय के पास है और जल्द ही एक उच्च स्तरीय बैठक इस पर विचार करेगी।श

अधिकारियों ने आगे कहा कि अगली पीढ़ी की विकिरण रोधी मिसाइलों का भारतीय वायु सेना द्वारा अपने सुखोई -30 लड़ाकू विमान बेड़े से पहले ही परीक्षण किया जा चुका है। ये मिसाइल युद्ध के दौरान दुश्मन के रडार

**केंद्र को भेजा 1400 करोड़ रूपये का प्रस्ताव**

स्थानों को नष्ट कर सकती है। अधिकारियों ने आगे यह भी जानकारी दी कि रडार सिस्टम के नष्ट होने से भारतीय वायु सेना को बिना पता लगाए लक्ष्यों को भेदने में मदद मिल सकती है।

उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी की विकिरण रोधी मिसाइलों का भारतीय वायु सेना द्वारा अपने सुखोई -30 लड़ाकू विमान बेड़े से पहले ही परीक्षण किया जा चुका है। उन्होंने आगे बताया कि यह मिसाइल, युद्ध के दौरान दुश्मन के रडार जगहों को टैक करते हुए नष्ट कर सकती है। अधिकारियों ने कहा कि रडार सिस्टम के नष्ट होने से भारतीय वायु सेना को बिना पता लगाए लक्ष्यों को भेदने में मदद मिल सकती है।रुद्रम को सुखोई-30 और मिराज-2000 जैसे भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों से दागा जा सकता है। यह काफी सटीक मिसाइल है और रडार सिस्टम को ट्रैक करने की क्षमता के साथ विकसित किया गया है। रुद्रम, भारत की पहली स्वदेशी रूप से विकसित विकिरण रोधी मिसाइल है जिसकी गति दो मैक या ध्वनि की गति से दोगुनी है। बता दें कि इस मिसाइल को किसी भी ऊंचाई से दागा जा सकता है।यह मिसाइल किसी भी तरह के सिग्नल और रेडिएशन को ट्रैक करने में सक्षम है। हाल ही में, एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा कि यूक्रेन-रूस युद्ध से सीखे गए सबक के आधार पर भारतीय वायु सेना श्मेड इन इंडियाश के हथियारों को शामिल करने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

## कोटद्वार को जिला बनाने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** उकाल ग्रामीण विकास संस्था ने कोटद्वार को जिला बनाने की मांग उठाई है। कहा कि स्थानीय जनता पिछले कई वर्षों से कोटद्वार को जिला बनाने की मांग उठा रही है। बाजवूद लगातार इसकी अनदेखी हो रही है।

संस्था के सचिव शिशुपाल सिंह नेगी ने इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले पौड़ी जिले में 15 विकास खंड है। पौड़ी प्रशासनिक एवं कानून व व्यवस्था की दृष्टि से भी दूरदराज क्षेत्रों तक फैला हुआ है। काफी बड़ा क्षेत्र होने के कारण पौड़ी जनपद का बेहतर विकास नहीं हो पा रहा है। कहा कि छोटी-छोटी प्रशानिक व्यवस्थाओं से ही पर्वतीय क्षेत्र का विकास संभव है। ऐसे में कोटद्वार को पौड़ी से अलग कर नया जिला बनाया जाना अति आवश्यक है। कहा कि कोटद्वार जिला नहीं होने के कारण शहर में मेडिकल कालेज व केंद्रीय विद्यालय का निर्माण भी नहीं हो पा रहा है। समिति ने दुगड्डा, रिखणीखाल, द्वारीखाल, जयहरीखाल नौनीडांडा व एकेश्वर को मिलाकर कोटद्वार को जिला बनाने की मांग की है।

# बदहाल मार्ग पर खतरे में जिंदगी, सिस्टम ने फेरा मुंह

## पिछले कई वर्षों से बदहाल पड़ा है ऐता-चरेख मोटर मार्ग

### मार्ग पर सफर के दौरान यात्रियों की अटकी रहती हैं सांसे

दुगड्डा ब्लाक के अंतर्गत बदहाल स्थिति में पड़ा घाड़ क्षेत्र का ऐता—चरेख मोटर मार्ग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। इसका एक मुख्य कारण बदहाल सड़कें भी हैं। बावजूद इसके सरकारी तंत्र सड़कों की मरम्मत को लेकर लापरवाह बना हुआ है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण घाड़ क्षेत्र के अंतर्गत ऐता-चरेख मोटर मार्ग है। खस्ताहाल इस मार्ग पर डामर खोजना भी एक बड़ी चुनौती बन गई है। गड्ढों में तब्दील यह मोटर मार्ग यात्रियों की कमर तोड़ रहा है। शिकायत के बाद भी सिस्टम आंखे मूंदकर बैठा हुआ है।

दुगड्डा ब्लाक के अंतर्गत उमरैला, खग्वाली, भेल, सरूड़ा, कैंतूगी, धूराताला, रामड़ी, चरेख, धरगांव सहित अन्य गांव को जोड़ने के लिए वर्ष 2010 में ऐता-चरेख मोटर मार्ग को स्वीकृति मिली थी। 22 किलोमीटर लंबे इस मोटर मार्ग निर्माण के लिए फरवरी 2011 में कार्यदायी संस्था को 533 लाख रुपये दिए गए।अगस्त 2012 तक उक्त मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना था। लेकिन, बजट में देरी के चलते यह मार्ग वर्ष 2015 में बनकर तैयार हुआ। मार्ग निर्माण के बाद दर्जनों गांव को इसका बेहतर लाभ मिला। लेकिन, वर्तमान में यह मार्ग पूरी तरह बदहाल पड़ा हुआ है।

### यात्रियों की अटकी रहती हैं सांसे

22 किलोमीटर लंबे ऐता चरेख मोटर मार्ग पर सफर के दौरान यात्रियों की सांसे अटकी रहती हैं। हालत यह है कि कई स्थानों पर सड़का का आधा हिस्सा धंस चुका है। गड्ढों की चपेट में आने से आए दिन दोपहिया वाहन चालक घायल हो रहे हैं। सबसे बुरी स्थिति बरसात के समय बनी रहती है। जबकि, कोटद्वार-दुगड्डा मोटर मार्ग बंद होने के बाद यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग का विकल्प भी बनता है।

### पूर्व में कर चुके हैं आंदोलन

बदहाल मार्ग पर सफर कर रहे घाड़ क्षेत्र के वाशिंदे कई बार मार्ग मरम्मत को लेकर आंदोलन भी कर चुके हैं। चरेख गांव के ग्राम प्रधान नंदन सिंह रावत ने बताया कि मार्ग पर हर रोज सैकड़ों ग्रामीण आवाजाही करते हैं। यही नहीं बदहाल मार्ग के कारण पूर्व में कई हादसे भी हो चुके हैं। पूर्व में प्रशासन ने बरसात खत्म होते ही मार्ग मरम्मत का आश्वासन दिया था। लेकिन, हालत जस के तस बने हुए हैं।

### तो विकल्प बनता है यह मार्ग

बरसात के दौरान कोटद्वार-दुगड्डा राष्ट्रीय राजमार्ग मलबा आने के बंद होने के बाद ऐता-चरेख मोटर मार्ग वाहन चालकों का विकल्प बनता है। बरसात के दौरान अधिकांश वाहन इसी मार्ग से कोटद्वार व दुगड्डा के लिए आवाजाही करते हैं। बावजूद इसके मार्ग की मरम्मत न होना यह सरकारी सिस्टम की बड़ी लापरवाही को दर्शाता है।

## संस्था ने उठाई सुरक्षा दीवार निर्माण की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** उकाल ग्रामीण विकास संस्था ने बसड़ा-बरई-रथुवाढाब सड़क पर ग्राम ल्वींठा में सुरक्षा दीवार के निर्माण की मांग उठाई है। कहा कि सुरक्षा दीवार नहीं होने से ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है।

संस्था के संस्थापक सचिव शिशुपाल सिंह नेगी ने इस संबंध में जिलाधिकारी पौड़ी डॉ. आशीष चौहान को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2007-08 में लोनिवि दुगड्डा ने बसड़ा-बरई-रथुवाढाब सड़क के निर्माण के दौरान ग्रामीण ल्वींठा में आवासीय भवनों के ठीक नीचे गहरा कटान किया था। इस दौरान ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए तब कार्यदायी संस्था ने 35 मीटर लंबी और 10 फीट ऊंची सुरक्षा दीवार बनाने का आश्वासन दिया था। इसके बाद भी सुरक्षा दीवार का निर्माण नहीं हो पाया है। इससे ग्रामीण भगत सिंह, मनवर सिंह, हरपाल सिंह और गिरधारी सिंह के आवासीय भवनों को खतरा बना हुआ है। मामले को गत पांच अप्रैल को उप तहसील रिखणीखाल में आयोजित जनता दरबार में उठाया गया। साथ ही विभागीय अधिकारियों को भी कई बार लिखित रूप में अवगत कराया गया लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# क्रीड़ा प्रतियोगिताएं न होने पर जताया रोष

## अभाविप ने श्री देव सुमन विश्व विद्यालय को भेजा ज्ञापन

कोटद्वार महाविद्यालय में प्राचार्य के माध्यम से विश्व विद्यालय को ज्ञापन भेजते अभाविप कार्यकर्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रीड़ा प्रतियोगिताएं नहीं होने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रोष व्यक्त किया है। सदस्यों ने श्री देव सुमन विश्व विद्यालय को ज्ञापन देते हुए जल्द क्रीड़ा कलेंडर जारी करने की मांग की है।

गुरुवार को परिषद के सदस्यों ने महाविद्यालय प्राचार्य डॉ जानकी पंवार के माध्यम से विश्व विद्यालय को ज्ञापन भेजा। इस दौरान जिला संयोजक तरुण ईष्टवाल ने कहा कि कोविड-19 महामारी में क्रीड़ा प्रतियोगिताओं को रोक दिया गया था। लेकिन उसके बाद से परिस्थिति सामान्य होने के बाद भी विश्वविद्यालय द्वारा लगातार क्रीड़ा प्रतियोगिता की अनदेखी करते हुए क्रीड़ा कलैंडर भी जारी नहीं किया गया है, जो छात्र-छात्राओं के साथ अन्याय है। कहा कि एक तरफ विद्यार्थियों को खेल प्रतियोगिताओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं, विश्व विद्यालय अभियान को लेकर लापरवाह बना हुआ है। चेतावनी दी कि इस संबध में शीघ्र कोई कार्रवाई नहीं होने पर परिषद उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर अनुराग कंडवाल, शिवांशु शाह, मयंक विश्नोई, शेफाली, प्रतिभा, अनुराग थापा, क्षितिज,आयुष, सुधांशु आदि मौजूद रहे।

# मकान में आग लगने से कमरे में फंसी बच्चियां, दमकल बना देवदूत

## बीईएल रोड देवेंद्र नगर कॉलोनी में एक मकान में लगी थी आग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** बीईएल रोड देवेंद्र नगर कालोनी के एक मकान में आग लगने से कमरे में फंसी दो बहनों के दमकल विभाग देवदूत बनकर पहुंचा। मौके पर पहुंची टीम ने समय रहते न केवल आग पर काबू पाया, बल्कि बच्चियों को भी सुरक्षित घर से बाहर निकाला।

घटना गुरुवार सुबह की है। दमकल प्रभारी सुरेश चंद्र बीईएल रोड में सुबह की सैर पर निकले हुए थे। इसी दौरान उन्हें देवेंद्र नगर कालोनी में एक घर की खिड़की से काला धुंआ निकलता हुआ नजर आया। मौके पर पहुंचे तो घर के प्रवेश द्वार पर ताला लगा हुआ था और अंदर कमरे से बच्चियों के चिल्लाने की आवाज आ रही थी। दमकल प्रभारी सुरेश चंद्र ने इसकी सूचना तुरंत फोन पर अपनी दमकल टीम को दी। निर्देश के बाद घटनास्थल पर पहुंची दमकल टीम ने वोल्ट कटर की मदद से गेट पर लगे ताले को तोड़ा और घर के अंदर प्रवेश किया। दमकल प्रभारी ने बताया कि घर के एक कमरे में फ्रीज पर आग लगी हुई थी। जबकि, दूसरे कमरे के एक कोने में दो बच्चियां बैठी हुई थी। पूरे घर में काला धुंआ फैल चुका था। दमकल टीम ने बच्चियों को घर से बाहर निकाला और आग पर काबू पाया। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची भवन स्वामी सुरजीत सिंह ने बताया कि चोरी के डर से वह घर के गेट पर ताला लगाकर अपनी पत्नी के साथ सैर पर निकल गए थे। उनकी बड़ी बेटी बबीता (15) व कात्या (आठ) घर में सो रही थी। हालांकि आग लगने से केवल फ्रीज कुछ छोटा-मोटा सामान ही जला है। लेकिन, दमकल विभाग की तत्परता से एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

कोटद्वार के बीईएल रोड में आग लगने से जला फ्रीज।

## योजनाओं की जानकारी दी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : पंचायतीराज विभाग के तत्वावधान में प्रयास स्वयंसेवी संस्था द्वारा कोट ब्लाक में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मचारियों को सतत विकास लक्ष्यों का स्थायीकरण विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियो को बताया गया कि किस प्रकार गांव को आजीविका युक्त बनाकर गरीबी मुक्त किया जा सकता है। इस दौरान बाल हितेषी गांव, जल पर्याप्त गांव स्वच्छ और हरा भरा गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे युक्त गांव में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख पूर्णिमा नेगी, बीडीओ दिनेश प्रसाद बडोनी, सचिन कुमार, सोनू कुमार, सुदर्शन सिह बुटोला, अजय बिजल्वाण, ललिता देवी, रचना, रीना, अनीता रावत, पूनम, दीपक शाह, सुरेंद्र सिंह, सुनील कुमार, आरपी सिंह, हरपाल सिंह आदि शामिल थे।

# सुलेख प्रतियोगिता में दिव्यांशी व सक्षम रहे प्रथम

## रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित की गई प्रतियोगिता

रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानकीनगर में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानकीनगर में आयोजित सुलेख प्रतियोगिता में दिव्यांशी व सक्षम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की सीख दी।

गुरुवार को विद्यालय में हिंदी व अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता विभाग प्रमुख संगीता रावत ने बताया कि जूनियर स्तर में 150 शब्द एवं सीनियर स्तर पर 200 शब्दों की सुलेख प्रतियोगिता हुई। जिसमें कक्षा 6 से दिव्यांशी, साक्षी, पूजा एवं आस्था ने प्रथम द्वितीय, तृतीय स्थापन प्राप्त किया। कक्षा सात से सक्षम, गरिमा, सोनम नेगी प्रथम द्वितीय, तृतीय रहे। कक्षा आठ से मानवी, दिव्यांशी, प्रियंका कक्षा नौ से दीया, साक्षी, अभिषेक, कक्षा दस से अनुष्का, प्रांजल, नेहा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 11 से सलोनी, सुधांशु, वैशाली, कक्षा 12 से नाजिया, प्रिया, डोली प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता में कक्षा 6 से खुशी रौतेला, दीपिका, अनन्या, कक्षा 7 से गरिमा, आरोही, सोनम नेगी, कक्षा आठ से चारु, प्रियंका, मानवी, कक्षा नौ से माही, दिया, वंशिका, कक्षा दस से महिमा, ध्रुव रावत, तानिया, कक्षा 11 से वैशाली नैनवाल, सलोनी, आयुष घिल्डियाल,कक्षा 12 से प्रिया, दीक्षिका, साक्षी अग्रवाल ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में मधुबाला नौटियाल, शिवराम बडोला, अनिल कोटनाला आदि मौजूद रहे।

## पहाड़ की समस्याओं को जताई चिंता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति ने पर्वतीय क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं को चिंता व्यक्त की है। कहा कि सरकार को पहाड़ के बेहतर विकास के लिए कार्य करना चाहिए। सरोजनी देवी की पुण्यतिथि पर पहाड़ की संस्कृति औश्र सामुदायिक विरासत पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पहाड़ से सांस्कृतिक और सामुदायिक विरासत एवं परस्पर सहयोग की भावना लुप्त होती जा रही है। पहाड़ में अतिथि देवो भव की भावनाएं अतीत का विषय बनकर रह गई हैं। इस मौके पर शिक्षाविद् सत्य प्रकाश थपलियाल, गजेंद्र सिंह रावत, चंद्र सिंह नेगी, कुंवर सिंह रावत, गंभीर सिंह असवा, प्रेम सिंह गुसाईं, नारायण सिंह नेगी, राजेंद्र सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

## स्थापना दिवस 26 को

**कोटद्वारः** गाड़ीघाट स्थित हेड हेरिटेज एकेडमी का स्थापना दिवस समारोह 26 नवंबर को मनाया जायेगा।

इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रदेश विधान सभाअध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगी। यह जानकारी प्रधानाचार्य रूपमाला सिंह ने दी।

# सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : भाजपा की बैठक में सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। इस दौरान सभी से एकजुट रहते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया गया।

गुरुवार को नगर पालिका सभागार में आयोजित बैठक में भाजपा के जिलाप्रभारी विजय कपरवाण ने सभी से एकजुट रहने का आह्वान किया। कहा कि संगठन को एकजुट करते हुए आने वाले चुनावों में जीत हासिल की जाएगी। सभी वरिष्ठ व नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी।

कहा कि सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाया जाए। जिलाध्यक्ष सुषमा रावत ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर सहयोग की अपील की।

इस मौके पर विधायक राजकुमार पोरी, नगर पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम, ऋषि कंडवाल, क्रांति किशोर नेगी आदि शामिल थे।

# गंगा के मूल स्वरुप को बनाए रखने के लिए जागरुक होना होगा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : नेहरू युवा केंद्र, पौड़ी, (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा विकासखण्ड कोट के नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत चयनित गंगा गांव के 50 युवाओं का दो दिवसीय गंगादूतों का प्रशिक्षण खन्दूखाल में सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकीय इंटर कॉलेज खंदूखाल के प्रभारी प्रधानाचार्य दिनेश प्रसाद उनियाल ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि गंगा की स्वच्छता के लिए इसके मूल स्वरुप को बनाए रखने के लिए जागरुक होना होगा। हमारा प्रयास सदैव पतितपावनी गंगा को स्वच्छ बनाए रखना होना चाहिए, ताकि गंगा की निर्मलता बनी रहे। एंजेलस हेवन स्कूल के चेयरमैन राजेन्द्र प्रसाद भट्ट ने कहा कि गंगा की सफाई, संरक्षण और संवर्धन के लिए चलाई जा रही गतिविधियों में युवाओं को अपनी सहभागिता निभाने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में जन जागरुकता अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को जागरुक करें कि गंगा में गंदगी न डालें। जिला परियोजना अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि अभी तक निर्धारित लक्ष्य के अंतर्गत गंगा दूतों के सात प्रशिक्षण सम्पन्न हो चुके हैं। इस माह के अंतिम सप्ताह में 200 युवाओं का जिला सम्मेलन श्रीनगर में किया जाना प्रस्तावित है। ताकि परियोजना के अग्रिम लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गंगादूत प्रशिक्षणों में प्रशिक्षित युवाओं के साथ कार्ययोजना तैयार कर चयनित गांव में गंगा की स्वच्छता हेतु रणनीति तैयार की जाए। प्रशिक्षक योगम्बर पोली ने गीतो के माध्यम से गंगा संरक्षण की आवश्यकता पर युवाओं का ध्यान खींचा। साथ ही युवाओं से गंगा को साफ और निर्मल बनाए रखने की शपथ दिलवाई गई। प्रशिक्षण में जनासू, खंदूखाल, भैंसवाड़ा, रामपुर, मरगुण, बौंसाली तथा कांडी आदि गांव के 50 युवाओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर सहायक अध्यापक खंदूखाल पंकज कुमार ध्यानी, एंजेलस हेवन स्कूल के नितिन कुमार, समाज सेवक सतीश कान्त, राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक कविता, गंगा दूत मंदीप रावत, वंदना, अवनी भट्ट, दीपक बमराड़ा, रिषभ बिष्ट और पवन डंगवाल आदि उपस्थित रहे।

गंगादूत प्रशिक्षण शिविर में युवती को प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित करते हुए।

## 50 छात्रों को मिलेगी नौटियाल स्मृति छात्रवृत्ति

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : शिक्षा विभाग द्वारा गढ़वाल मंडल के 50 छात्र-छात्राओं को डा. शिवानंद नौटियाल स्मृति छात्रवृत्ति की स्वीकृति दी है। अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल महावीर सिंह बिष्ट ने बताया कि राज्यस्तरीय चयन परीक्षाओ में प्राप्त अंको के आधार पर डा. शिवानंद नौटियाल स्मृति छात्रवृत्ति गढ़वाल मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 50 छात्र-छात्राओं को स्वीकृत की गई है। जिसमें पौड़ी जिले में 14, रुद्रप्रयाग में 5, देहरादून में 2, टिहरी गढ़वाल में 19, हरिद्वार में 1, चमोली में 7 व उत्तरकाशी के 2 छात्र शामिल है।

# अंकिता के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए सड़कों पर उतरे छात्र

**श्रीनगर गढ़वाल :** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के विभिन्न छात्र संगठनों के सदस्यों एवं छात्र संघ पदाधिकारियों ने गुरुवार को श्रीनगर में विवि गेट से लेकर नगर के मुख्य मार्गों पर रैली निकालकर अंकिता हत्याकांड मामले में न्याय दिलाए जाने, मामले की सीबीआई जांच कराए जाने व आरोपियों का नार्को टेस्ट कराए जाने की मांग की। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने जस्टिस फॉर अंकिता के नारे लगाए।बिड़ला परिसर में एकत्रित होकर छात्र-छात्राओं ने जस्टिस फॉर अंकिता अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। जिसमें गढ़वाल विवि के तमाम छात्र-छात्राओं के साथ नगर के जागरूक नागरिक भी शामिल हुए। रैली का समापन गोला पार्क में हुआ। इस मौके पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि अंकिता हत्याकांड के दो माह से अधिक का समय हो गया है। लेकिन सरकार इस मामले में ठोस कार्यवाही नहीं कर पाई है। कहा सबूत नष्ट कर जांच को प्रभावित करने का कार्य किया गया है। उन्होंने इस मामले में प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठाए। कहा सरकार के रवैए के चलते अंकिता के परिजनों को न्याय के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही ठोस जांच नहीं होती है और आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा नहीं मिलती है तो छात्रों के साथ ही आम नागरिकों को सड़कों पर उतरने के लिए विवश होना पड़ेगा। इस मौके पर छात्र संघ उपाध्यक्ष रोबिन, सहसचिव रंजना, छात्रा प्रतिनिधि मोनिका चौहान, डा. प्रताप भंडारी, समाज सेवी अनिल स्वामी, योगेंद्र कांडपाल, प्रभाकर बाबुलकर, गंगा असनोड़ा, उपासना भट्ट, सरस्वती, डीएसओ संगठन की रेशमा, कुलदीप, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष व आइसा कार्यकर्ता अंकित उछोली, पूर्व छात्रा प्रतिनिधि शिवानी पांडेय, सुमन, बबीता आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## पौड़ी पुलिस ने लहराया परचम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : राज्य स्तरीय 20वीं प्रादेशिक अंतर जनपदीय/वाहिनी वैज्ञानिक अनुसन्धान प्रतियोगिता में पौड़ी पुलिस ने परचम लहराया। जनपद पौड़ी गढ़वाल के टीम प्रभारी यातायात निरीक्षक शिव कुमार सिंह के नेतृत्व में पौड़ी की टीम ने उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। उपनिरीक्षक संदीप बिष्ट ने वैज्ञानिक अनुसंधान व्यक्तिगत प्रतियोगिता में प्रथम, सीआरपीसी/आईपीसी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि महिला उपनिरीक्षक संध्या नेगी ने मेडिको लीगल प्रतियोगिता में द्वितीय एवं वैज्ञानिक अनुसंधान ओवर ऑल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर पौड़ी जिले की पुलिस का नाम रोशन किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्रीमती श्वेता चौबे ने प्रतियोगिता में मेडल जीतने पर टीम को बधाई देते हुए भविष्य में भी बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# कर्तव्य निष्ठा से कार्य करने की आवश्यकता : डॉ. शर्मा

अल्मोड़ा : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सांस्कृतिक परिषद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें डीएलएड प्रशिक्षुओं की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

डायट सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि अपर निदेशक आरडी शर्मा ने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता संवर्धन के लिए डाइट के अकादमिक सदस्यों को कर्तव्य निष्ठा से कार्य करने की आवश्यकता है।

कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालय स्तर पर किया जाना आवश्यक है। शिक्षक ही समाज के पथ प्रदर्शक और प्रेरणा के स्रोत हैं। इस मौके पर सीईओ सत्यनारायण, प्राचार्य जीजी गोस्वामी, डॉ. हेम चंद्र जोशी, बीसी पांडे, अरूण प्रकाश बौड़ाई, ललित पांडे, डॉ. हरीश जोशी, डॉ. दीपा जलाल, डॉ. सरिता पांडे, पुष्पा बोरा, गोपाल सिंह गैड़ा, एमएस भंडारी, एचसी जोशी, खीमुली देवी, वीणा बोरा, सुनीता मेहरा समेत डीएलएड प्रशिक्षु मौजूद रहे। (एजेंसी)

## डॉक्टर की नियुक्ति की मांग को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

चम्पावत : उपजिला अस्पताल लोहाघाट में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने की मांग को लेकर नगर पालिकाध्यक्ष गोविंद वर्मा ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया है। इसके अलावा नगर के लोगों ने जल्द डॉक्टर्स की नियुक्ति न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। पालिकाध्यक्ष वर्मा ने सीएम के समक्ष उपजिला चिकित्सालय में रिक्त पड़े पदों को भरने की मांग उठाते हुए कहा कि अस्पताल में ओपीडी के लिए वर्तमान में तीन डॉक्टर रहते हैं। जिससे कई रोगियों को उपचार के बगैर वापस लौटना पड़ रहा है। सभासद राजकिशोर साह, भुवन बहादुर आदि ने बताया कि अगर जल्द अस्पताल में मानकों के अनुसार डॉक्टर नहीं आते हैं तो वह आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे। (एजेंसी)

# अब ई-मेल से कर सकेंगे ठोस अपशिष्ट कचरे की शिकायत

बागेश्वर : आम जनता अब ठोस अपशिष्ट कचरे से संबंधित शिकायतों को उच्च न्यायालय की ई-मेल पर कर सकेंगे। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने बताया कि नगर पालिका सीमा के भीतर हो या ग्रामीण,वन क्षेत्रों में एकत्र किया गया अपशिष्ट कचरे की शिकायत आम आदमी कर सकता है।

ठोस कचरे के संबंध में आम जनता की शिकायतों पर कार्रवाई करने के लिए ई-मेल आईडी खुली रहेगी तथा ठोस अपशिष्ट से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायतों पर विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिकायत के साथ-साथ शिकायतकर्ता को ठोस कचरे के संग्रह, निपटान को स्पष्ट रूप से उसके स्थान की पहचान करने के लिए तस्वीरें भी अपलोड करनी होगी। शिकायतकर्ता को अपनी पहचान व संपर्क विवरण स्पष्ट रूप से देना होगा। प्राप्त होने वाली शिकायतों को न्यायालय स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके बादशिकायतों को आयुक्तों को अग्रेषित की जाएगी तथा न्यायिक स्तर पर शिकायतों को अग्रेषित करने के दो कार्य दिवसों के भीतर शिकायतों के संबंध में की गई कार्यवाही की सूचना भी प्राप्त की जाएगी। जिलाधिकारी ने नगर निकायों में अधिशासी अधिकारी, ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत तथा वन क्षेत्र के अंतर्गत प्रभागीय वनाधिकारी को कूड़ा हटवाने व उसके निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। (एजेंसी)

## भूमि का मुआवजा देने की लगाई गुहार

अल्मोड़ा : मल्लाखोली ग्राम पंचायत की एक महिला ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर पुल निर्माण में काटी गई जमीन का मुआवजा दिए जाने की मांग की है। मल्लाखोली गांव की जानकी बोरा पत्नी वीरेंद्र सिंह बोरा का कहना है की उनकी पुश्तैनी जमीन ग्राम पंचायत पल्यूड़ा-हटयूड़ा के अंतर्गत है। तथा साईं नदी के ऊपर दलमोड़ी गांव के लिए बन रही पैदल स्टील गार्डर पुल के निर्माण के लिए उनसे पूछे बगैर उनकी जमीन काट दी गई। जानकी बोरा ने तहसीलदार को पत्र सौंपकर कहा है कि उक्त जमीन उनकी पुश्तैनी जमीन है।

# मुनस्यारी को मिली पशु एम्बुलेंस की सौगात

पिथौरागढ़ : विकासखंड मुनस्यारी में पशु चिकित्सालय को पशु एम्बुलेंस की सौगात मिली है। अब मुनस्यारी क्षेत्र के पशुपालक घर बैठे पशुओं का उपचार करवा सकेंगे। मुनस्यारी के पशु चिकित्सालय में मोबाइल एम्बुलेंस पहुचने पर, चिकित्सालय के स्टाफ के साथ ही पशु पालकों ने नई सुविधा का स्वागत किया। मुनस्यारी प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी डॉ. पारनी अग्रवाल से मिली जानकारी के मुताबिक उन्होंने बताया कि, सीएम पुष्कर सिंह धामी और पशुपालन मंत्री की पहल पर यह एम्बुलेंस मुनस्यारी पशु चिकित्सालय को मिली है।

डॉ. पारनी अग्रवाल ने बताया कि अब पशुपालक 1962 नंबर पर कॉल करके, एम्बुलेंस को अपने घर तक मगा कर, अपने पशुओं का इलाज करवा सकते हैं। बताया कि पशु एम्बुलेंस में एक डाक्टर, एक फार्मासिस्ट और एक चालक तैनात रहेंगे, यह एम्बुलेंस सुबह 9 बजे से एक तीन बजे अपनी सेवाएं देंगी। (एजेंसी)

## लोकतंत्र में चुनाव की महत्ता बताई

अल्मोड़ा : राजकीय महाविद्यालय मानिला के मल्टी मीडिया कक्ष में चुनाव साक्षरता के तहत जन जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें लोकतंत्र में चुनाव की महत्ता से अवगत कराया गया। चुनाव साक्षरता क्लब सल्ट के नोडल अधिकारी बीईओ हरेंद्र शाह ने शिविर में कहा देश के नागरिकों को अपने अधिकारो और कर्त्तव्यों का बोध होना चाहिए। मताधिकार एक ऐसा अधिकार है जो किसी भी लोकतंत्र का आधार होता है। उन्होंने मौजूद छात्र-छात्राओ से चर्चा परिचर्चा के माध्यम से संवाद किया।

इस दौरान 18 वर्ष की आयु वर्ग के छात्रों का मतदाता सूची के लिये नाम पंजीकृत किया गया। कार्यक्रम में राजकीय इंटर कालेज मानिला, जीआईसी बैराला, राजकीय कन्या जूनियर हाईस्कूल बैराला, राजकीय महाविद्यालय मानिला के चुनाव साक्षरता क्लब के सदस्यो ने भाग लिया।

# छात्र नेताओं ने फूंका उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला

हल्द्वानी : छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित न होने से नाराज छात्रनेताओं ने गुरुवार को एमबीपीजी कॉलेज में जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए नैनीताल रोड पर उनका पुतला भी फूंका गया। छात्रनेताओं ने ऐलान किया है कि यदि मांग न मानी गई तो पूरे प्रदेश में सरकार और उच्च शिक्षा मंत्री के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा।

एमबीपीजी कॉलेज में प्रदर्शन के दौरान चीफ प्रॉक्टर डॉ. संजय खत्री से भी छात्रनेताओं की जमकर नोंकझोंक हुई। इसके बाद प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी के माध्यम से सीएम पुष्कर सिंह धामी और उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह को ज्ञापन भेजा गया। जिसमें छात्रनेताओं का कहना है कि बीते दो सालों से कोरोना के कारण छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए गए। अब स्थिति ठीक होने के बावजूद छात्रसंघ चुनाव कराने को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा है। झूठे आश्वासन देकर उच्चशिक्षा मंत्री छात्रों के आंदोलन समाप्त करवा रहे हैं। प्रदेश के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्रों का नेतृत्व न होने के कारण ही अंकिता हत्याकांड, भर्ती घोटाला, विधानसभा में नियम विरुद्ध भर्ती जैसे शर्मनाक मामले बढ़ रहे हैं। छात्रनेताओं ने कहा कि पूर्व में उच्च शिक्षा विभाग के एक अफसर द्वारा 15 दिनों में छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित करने का आश्वासन आंदोलित छात्रों को दिया था। मगर, 15 दिन पूरे होने के बावजूद चुनाव कराने के कोई आसार प्रदेश में नजर नहीं आ रहे हैं। मांग उठाई कि अंकिता हत्याकांड, विधानसभा भर्ती, भर्ती घोटाले जैसे मामलों की जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए। साथ ही जल्द से जल्द छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित की जानी चाहिए। प्रदर्शन करने वालों में निहित नेगी, सौरभ कुमार, करन सिंह बिष्ट, गीता कुंवर, दीपक पलड़िया, प्रकाश सम्मल, हर्ष त्रिपाठी, यश कुमार, दक्ष माशीवाल, मदन गौनिया, भरत केशरवानी, कनिका कस्तूरा आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# जिला जेल बनाने के विरोध लोगों ने किया प्रदर्शन

चम्पावत : छमनियां लोहाघाट में जिला जेल बनाने की कवायद को लेकर पांच गांव सुंई के लोगों ने विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की। उन्होंने विरोध जताते हुए एसडीएम के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजा।

गुरुवार को पूर्व जिपं सदस्य सचिन जोशी और सुई खैसकांडे के ग्राम प्रधान भुवन चौबे के नेतृत्व में ग्रामीणों ने छमनियां लोहाघाट में जिला जेल बनाने के लिए भूमि के चयन का विरोध किया। कहा कि सुंई के पास छमनियां एक रमणीक स्थान है। इस स्थान का चयन पूर्व में फिल्म सीटी के लिए किया है। शासन व प्रशासन की उदासीनता से यह कार्य अधर पर लटका हुआ है। कहा कि इस स्थान पर भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की छावनी, राजकीय पालिटेक्निक शिक्षण संस्थान और राप्रावि स्थित है। ऐसे में यहां जिला जेल का निर्माण किये जाने से शिक्षण संस्था में व्यवधान के अलावा स्थान का महत्व खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला जेल का निर्माण किया गया तो विरोध के साथ चक्काजाम और उग्र आन्दोलन होगा। इस मौके पर बीडीसी सदस्य गौरव पांडेय, सरपंच ममता बिष्ट, हेमा देवी, सुधीर चतुर्वेदी, महेश सिंह, मोहन सक्टा, गिरीश चंद्र, मयंक ओली, विवेक ओली, मनोज ओली, कमल जोशी, विजय सिंह बिष्ट रहे। (एजेंसी)

## विवाहिता दो दिन से लापता, गुमशुदगी दर्ज

बागेश्वर : राजस्व पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत करुली गांव की विवाहिता 24 साल की गीता देवी पत्नी दीपक लाल दो दिन से लापता है। विवाहिता के ससुर ने पुलिस में बहू की गुमशुदगी दर्ज कराई है। उनका कहना है कि उनकी बहू 23 नवंबर को बगैर किसी को बताए घर से चली गई है। उनके मायके व अन्य रिश्तेदारी में उसकी खोजबीन कर ली है, लेकिन कहीं भी पता नहीं चल सका है। उन्होंने पुलिस से ढूंढखोज में मदद की अपील की है। इधर राजस्व पुलिस ने बताया कि मामले में गुमशुदगी दर्ज कराकर जांच शुरू कर दी है। (एजेंसी)

# प्रधान संगठन ने उठाई बीडीसी बैठक में अधिकारियों के प्रतिभाग करने की मांग

चम्पावत : ग्राम प्रधान संगठन ने डीएम कार्यालय में ज्ञापन देकर 26 नवंबर को लोहाघाट ब्लॉक सभागार में आयोजित होने वाली बीडीसी बैठक में अधिकारियों के प्रतिभाग करने की मांग उठाई है। गुरुवार को ग्राम प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष भुवन चंद्र भट्ट के नेतृत्व में ज्ञापन देते हुए कहा कि विकास खंड में लंबे समय बाद बीडीसी की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक को लेकर जनप्रतिनिधियों में उत्साह बना रहता है। लेकिन बैठक में अक्सर विभिन्न विभागों के अधिकारी नदारद रहते हैं। जिस कारण पंचायत प्रतिनिधि अपनी समस्याओं को नहीं रख पाते हैं। जिस कारण बीडीसी बैठक का उद्देश्य पूर्ण नहीं हो पाता है। उन्होंने विभिन्न विभागों को उच्चाधिकारियों के बीडीसी बैठक में अनिवार्य प्रतिभाग करने की संबंधित विभागों को निर्देशित करने की मांग की। इस मौके पर देवेंद्र बिष्ट, ललित मोहन, गणेश बोहरा, भुवन चौबे, चांद बोहरा, महेंद्र सिंह, युगल किशोर, पूरन बोहरा रहे। (एजेंसी)

## कब्रिस्तान मार्ग की मरम्मत की मांग उठाई

हल्द्वानी : तल्लीताल से कब्रिस्तान को जाने वाला मार्ग जर्जर हालत में पड़ा है। रास्ते में बड़े–बड़े गड्ढे हो गए हैं। इससे आवाजाही में खासी दिक्कतें हो रही हैं। लोगों ने इसकी मरम्मत की मांग की है।

स्थानीय निवासी डॉक्टर फरहा खान ने बताया कि यह मार्ग भीमताल ब्लॉक के अन्य गांव को भी जोड़ता है। इस समस्या को देखते हुए अल्पसंख्यक विभाग को खस्ताहाल पड़े मार्ग से अवगत कराया। इस पर अल्पसंख्यक विभाग देहरादून के निदेशक और उपनिदेशक ने मामले का संज्ञान लेते हुए नैनीताल अल्पसंख्यक विभाग को कार्यवाही करने को निर्देशित किया था।

# जालंधर डिपो व हल्द्वानी डिपो का विवाद गहराया

हल्द्वानी : डिपो से बसों की रवानगी के समय को लेकर हल्द्वानी डिपो व जालंधर बस डिपो की बसों में विवाद चल रहा है। बुधवार को यह विवाद और गहरा गया।

हालांकि गुरुवार को प्रबंधन ने मामला शांत करा दिया। हल्द्वानी से जालंधर डिपो की बस को हल्द्वानी डिपो से रवानगी का समय 10.15 दिया है लेकिन वह लंबे समय से शाम को 3 बजे रवाना होती है। इसकी भनक लगने पर हल्द्वानी स्टेशन प्रबंधन ने जालांधर डिपो की बस को जबरन सुबह हल्द्वानी स्टेशन से रवानगी दे दी। इससे गुस्साए जालंधर डिपो के कर्मचारियों ने उत्तराखंड रोडवेज की बसों में जालंधर डिपो से सवारी भरने पर रोक लगा दी। हालांकि मामला बढ़ता देख हल्द्वानी डिपो ने जालंधर की बस को उसकी इच्छा अनुसार शाम तीन बजे रवानगी की अनुमति दे दी है। मामले में सहायक महाप्रबंधक सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने बताया कि मामले को निपटा लिया गया है। (एजेंसी)

## ग्रामीण बैंक के शिविर में खोले खाते

पिथौरागढ़ : उत्तराखंड ग्रामीण बैंक ने चौड़मन्या में वित्तीय साक्षरता शिविर लगाया। शिविर में वित्तीय साक्षरता, सामाजिक सुरक्षा और बैंक की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में दस एसएनजी, एनआरएलएम, क्रेडिट लीकेंज, दो संगठन बचत के खाते खोले गये। शाखा प्रबंधक सुरेन्द्र पंवार, ब्लाक मिशन प्रबंधक प्रेम बाफिला, एरिया समन्वयक सपना, मंजू, करम सिंह कमला देवी, विमला उपाध्याय, मोहिनी ततराडी, सरूली देवी, प्रियंका, मुन्नी, सरिता, दीपा, गीता मौजूद रहे। (एजेंसी)

## कांग्रेस नगर अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया

रुद्रपुर। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी का गुरुवार को कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से जन्मदिन मनाया।

इस दौरान उन्होंने केक काटकर उनके दीघार्यु होने की कामना की। कार्यकर्ता विधायक तिलकराज बेहड़ के कार्यालय पर जमा हुए।

उन्होंने भूपेंद्र चौधरी के जन्मदिन पर एक–दूसरे को केक खिलाकर खुशियां मनाईं। यहां नगरपालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, गुड्डू तिवारी, ओमप्रकाश दुआ, अशोक मित्रा, गौरव बेहड़, सुनीता रस्तोगी, राजीव जग्गी, नितिन शर्मा, अफजाल शैरी, हरविंदर पाल सिंह पप्पी, जीवन जोशी, ताहिर मलिक रहे।

# घायल महिला श्रमिक को मुआवजे देने की मांग उठाई

रुद्रपुर। सिडकुल की एक कंपनी में काम के दौरान महिला श्रमिक की बांये हाथ की अंगुली कट गई थी। बावजूद कंपनी प्रबंधन ने उसका उपचार नहीं कराया।

जिससे मजदूर किसान संगठन भड़क गया है। आक्रोशित लोगों ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना–प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने महिला को 10 लाख रुपये का मुआवजा और कंपनी में स्थाई नौकरी देने की मांग की है। वहीं, उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन ओसी कलेक्ट्रेट मनीष बिष्ट को सौंपा।

गुरुवार को मजदूर किसान संगठन के सुब्रत कुमार विश्वास ने बताया कि बीते आठ सितंबर को ठेकेदार उमेश भल्ला के निर्देश पर महिला श्रमिक कमलेश को कंपनी में बिना ट्रेनिंग के मशीन पर कार्य में लगा दिया। इस दौरान महिला श्रमिक के बांये हाथ की अंगुलियां कट गई। पीड़ित महिला ने कंपनी के प्लांट हैड, ठेकेदार और मुंशी पर इलाज न करने आरोप लगाया है। महिला ने कंपनी के प्लांट हैड और ठेकेदार के खिलाफ श्रम आयुक्त एवं जिला प्रशासन से शिकायत की। लेकिन श्रमिक महिला को न्याय नहीं मिला।

# 240 ग्राम चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर। गदरपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को 240 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपलिया शिव मंदिर के पास खाली पड़े मैदान से एक व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ की। उसने अपना नाम साधन मंडल निवासी पिपलिया नंबर 2 बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 240 ग्राम चरस और एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर लिया है। टीम में थानाध्यक्ष राजेश पांडे, उपनिरीक्षक ओम प्रकाश, कैलाश मनराल, नारायण रावल आदि शामिल रहे।

## संयुक्त मजिस्ट्रेट ने रूकवाया पैचवर्क कार्य

अल्मोड़ा : द्वारसौं–काकड़ीघाट मोटर मार्ग से विभिन्न गांवों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सुनियाकोट–मटीला सड़क पर किए जा रहे पैचवर्क कार्य का संयुक्त मजिस्ट्रेट ने स्थलीय निरीक्षण किया।

निर्माण कार्य की गुणवत्ता से खफा संयुक्त मजिस्ट्रेट ने विभागीय अधिकारियों को कार्य रोकने और तकनीकी टीम को जांच के निर्देश दिए। इस मौके पर ग्राम प्रधान कामाक्षी बिष्ट, बीडीसी सदस्य मुकेश रौतेला, नरेंद्र सिंह, प्रताप सिंह, नारायण सिंह, कृपाल सिंह, महेंद्र सिंह, चंद्रशेखर पाठक, हेम चंद्र, हरीश सिंह, रवि परिहार, विरेंद्र परिहार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## शिविर में किया 53 रोगियों का उपचार

पिथौरागढ़ : जिला होमियोपैथिक चिकित्सा विभाग ने ताड़ीगांव क्षेत्र में स्वास्थ्य परीक्षण एवं डेंगू संक्रमण से बचाव व रोकथाम के लिए निःशुल्क आउटरीच शिविर लगाया । जिसमें डॉ दिव्या शिखा (चिकित्साधिकारी)आर सीएच विंग महिला चिकित्सालय ने 53 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। विशाल कुमार एवं सुरेंद्र सिंह बोहरा ने दवा वितरण का कार्य किया। (एजेंसी)

# बच्चे को निवाला बनाने वाला गुलदार पिंजड़ें में हुआ कैद

### विकासखंड पाबौ के बिडोलस्यूं पट्टी के निसणी गांव में हुई थी घटना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः विकासखंड पाबौ के बिडोलस्यूं पट्टी के निसणी गांव में पांच वर्षीय बच्चे को निवाला बनाने वाला गुलदार तड़के पिंजड़े में कैद हो गया। गुलदार को वन विभाग की टीम पौड़ी रैंज ला रही है।

बता दें कि बीते मंगलवार को निसणी गांव निवासी रविंद्र सिंह के पांच वर्षीय बेटे पीयूष को घात लगाकर बैठे गुलदार ने घर के समीप मार दिया था।

बच्चे का शव समीप ही झाड़ी में मिला। घटना पर गढ़वाल वन प्रभाग की ओर से क्षेत्र में दो पिंजड़े लगाने के साथ गश्त बढ़ा दी थी।

वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन ने बताया कि गुरुवार तड़के गुलदार पिंजड़े में कैद हो गया। वन कर्मी गुलदार को पौड़ी रेंज ला रहे हैं। गुलदार का स्वास्थ्य परीक्षण के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बिड़ला व चौरास परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के छात्र नेताओं ने विवि के प्रति कुलपति से मिलकर विवि के छात्रों की समस्याओं के समाधान की मांग की। इस संदर्भ में छात्र नेता सूरज नेगी, आकाश रतूड़ी, कर्णवीर फरस्वाण, दीपांशु पुरी, यशु, आंचल, सुप्रिया, पवन आदि ने प्रति कुलपति को ज्ञापन देकर कहा कि यूजी और पीजी कक्षाओं में स्मार्ट क्लास व्यवस्थित रूप से सुचारु हो, जिससे कक्षाओं में प्रोजेक्टर की सुविधा छात्रों को मिले। उन्होंने विवि के दोनों परिसरों बिड़ला व चौरास में कैंटीनों को सुचारु रखने, प्रयोगात्मक कक्षाओं के नवीनीकरण किए जाने की मांग भी की। साथ ही उन्होंने बिड़ला और चौरास परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने, बीकॉम के छात्रों के लिए रीडिंग रूम की व्यवस्था करने, बिड़ला से चौरास परिसर तक बस सेवा शुरू करने की मांग की है। (एजेंसी)

# शंकराचार्य ने कमलेश्वर महादेव की पूजा अर्चना की

श्रीनगर गढ़वाल : ज्योतिष पीठ जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने सिद्धपीठ कमलेश्वर महादेव मंदिर में पाटलम पुष्पों से सहस्त्रार्चान किया। मौके पर श्रद्धालुओं ने शंकराचार्य से आशीर्वाद भी लिया। उन्होंने कमलेश्वर महादेव मंदिर के महंत 108 आशुतोष पुरी जी महाराज को दसनाम गोस्वामी समाज का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया एवं दसनाम गोस्वामी समाज के प्रचार-प्रसार के लिए पूरे विश्व में भ्रमण करने का आदेश भी दिया।बदरीनाथ धाम में कपाट बंद होने की प्रक्रिया के बाद जोशीमठ समेत हरियाली देवी व अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कर शंकराचार्य श्रीनगर पहुंचे। यहां रात्रि विश्राम के बाद गुरूवार सुबह उन्होंने कमलेश्वर महादेव की पूजा अर्चना की। उन्होनें अंकिता हत्याकांड व श्रद्धा हत्याकांड को लेकर कहा कि जिस संस्कृति में माता बहनों की पूजा की जाती थी उस देश में क्या हो रहा है, यह सोचनीय विषय है। कहा अगर पुरानी परंपराओं को जीवित नहीं रखा गया तो इस तरह की घटनायें बढ़ती रहेंगी। वहीं केदारनाथ मंदिर के गर्भ गृह में चढ़ाई गई सोने की परत पर उन्होंने कहा कि इससे मंदिर के जो मूल पत्थर है उनकी आयु कम हो जाएगी। ऐसा शोध में भी पाया गया है कि पत्थरों पर किसी तरह की कोई परत चढ़ाने से उनकी आयु पर प्रभाव पड़ता है। इससे पूर्व बुधवार रात को किसान मंच के प्रदेश अध्यक्ष भोपाल सिंह चौधरी ने अपने घसियामहादेव स्थित आवास में उनका स्वागत कर आशीर्वाद ग्रहण किया। जबकि हिमालय ज्योतिष परिषद के अध्यक्ष भाष्करानंद अंथवाल ने कमलेश्वर महादेव मंदिर में उन्हें माता की चुनरी तथा स्मारिका भेंट की। (एजेंसी)

### राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता 26 से

श्रीनगर गढ़वाल : 18वीं अंतर जनपदीय पुलिस और वाहिनी राइफल एवं रिवाल्वर शूटिंग प्रतियोगिताएं यहां एसएसबी की धोबीघाट स्थित केदार फायरिंग रेंज में आयोजित की जाएंगी। कोतवाली निरीक्षक हरि ओमराज चौहान ने बताया कि 26 नवंबर को बतौर मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक गढ़वाल रेंज प्रतियोगिताओं का उदघाटन करेंगे। जबकि 28 नंवबर को एसएसबी प्रशिक्षण केंद्र श्रीनगर के उप महानिरीक्षक प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि रहेंगे।

# भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की प्राण शक्ति : मैखुरी

चमोली : भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष रमेश मैखुरी ने कहा भारतीय जनता पार्टी आज विश्व के सबसे अधिक कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा की प्राण शक्ति पार्टी के कार्यकर्ता ही हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष बनने के बाद जिला मुख्यालय गोपेश्वर में गुरुवार को अपनी पहली पत्रकार वार्ता में भाजपा के जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी ने कहा शीघ्र ही जिला स्तर पर संगठन में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। 5 दिसंबर तक जिला स्तर पर संगठन के कार्यकर्ताओं को संगठन में पदों की जिम्मेदारी दी जाएगी। 15 दिसंबर तक मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं को संगठन की जिम्मेदारी दी जाएगी। बूथ स्तर लेकर पन्ना प्रमुख तक कार्यकर्ताओं को साथ लेकर भाजपा की मजबूती को और विस्तार दिया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशन में देश के साथ साथ उत्तराखंड में चहुंमुखी विकास हो रहा हैं। सड़क, रेल, हवाई कनेक्टविटी के क्षेत्र में अभूत पूर्व कार्य हो रहे हैं। शीघ्र ही रोपवे स्तर पर भी कार्य शरू हो जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हर वर्ग हर घर तक विकास योजनाएं पहुंच रही हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भटट के अनुभवी व कुशल नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ता विकास के हर कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचा रहे है। इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष विनोद कनवासी, उपाध्यक्ष तारेंद्र थपलियाल, कुलदीप वर्मा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष गजेंद्र रावत, महावीर रावत, अरूण मैठाणी, संजय समेत भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे। (एजेंसी)

### 8 दिसम्बर तक कराएं मतदाता सूची में नाम दर्ज

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी डा. आशीष त्रिपाठी ने बताया कि ऐसे सभी पात्र नागरिक जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वो 8 दिसंबर 2022 तक अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क करते हुए अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते है। मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए प्रारूप-6, नाम हटाने के लिए प्रारूप-7 और अशुद्ध प्रविष्टियों को शुद्ध करने के लिए प्रारूप-8 भरा जाएगा।

### बहुउद्देशीय शिविर 26 को कण्डारा में

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : विकास खण्ड कर्णप्रयाग के अन्तर्गत कण्डारा में जन समस्याओं के निराकरण एवं जन सुविधाऐं उपलब्ध कराने के लिए 26 नवंबर को प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक बहुउदेशीय शिविर/जनता दरवार आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए है, ताकि जन समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। शिविर के माध्यम से जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

# राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में चैम्पियन बनें रुद्रप्रयाग, देहरादून और हरिद्वार

रुद्रप्रयाग : अगस्त्यमुनि में आयोजित माध्यमिक विद्यालयों की राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के अंडर 14 में रुद्रप्रयाग, अंडर 17 में देहरादून और अंडर 19 में हरिद्वार चैम्पियन रहे। स्पोर्ट्स स्टेडियम में सभी विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया।

राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि और आयोजन के प्रायोजक रिन्यू पावर बेडूबगड के एचआर मैनेजर सुधांशु शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन की बधाई दी। कहा कि जिस मनोयोग के साथ तीन दिनों तक खिलाड़ी और आयोजक मण्डल कार्य कर रहे थे, वह सभी के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत अगस्त्यमुनि अरुणा बेंजवाल ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेलों का भी जीवन में विशेष महत्व है।

उन्होंने इस शानदार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को संपन्न कराने के लिए आयोजक मण्डल की प्रशंसा की। प्रतियोगिता के तीसरे दिन तीनों आयु वर्ग के सेमिफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गये। अंडर 14 आयु वर्ग में रुद्रप्रयाग की टीम विजेता तथा नैनीताल उपविजेता रही। जबकि देहरादून तीसरे स्थान पर रहा। अंडर 17 आयु वर्ग में देहरादून विजेता, टिहरी उपविजेता और हरिद्वार तीसरे नम्बर पर रहा। वहीं अंडर 19 आयु वर्ग में हरिद्वार विजेता, अल्मोड़ा उपविजेता और देहरादून तीसरे स्थान पर रहा। जीत के बाद खिलाड़ी देर शाम तक झूम कर अपनी खुशी का इजहार करते रहे। इस अवसर पर विधायक केदानाथ प्रतिनिधि विक्रम नेगी, व्यापार संघ अध्यक्ष नवीन विष्ट, हर्षवर्धन बैंजवाल, पृथ्वीपाल रावत, प्रधानाचार्य राइंका हरेन्द्र बिष्ट, राबाइंका रागनी नेगी, जिला क्रीड़ा समन्वयक प्रेमसिंह नेगी, ब्लॉक क्रीड़ा समन्वयक शिवसिंह नेगी, धीर सिंह नेगी गयासुद्दीन, रीना बागड़ी, संजय गुसाईं विभिन्न जनपदों के क्रीड़ा प्रभारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने के लिए ऋषि सेमवाल, भगत गुसाईं, अंकित रौथाण, पंकज जोशी, प्रभात पुण्डीर, प्रियंक रूडोला, योगम्बर कण्डारी, नवेन्दु रावत, भजन रौतेला, सतीश बलूनी, नरपाल नाकोटी, मनीष राठी, मनोज नेगी, सतीश कण्डारी, कुलदीप रावत आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन हर्षवर्धन रावत एवं गंगाराम सकलानी द्वारा किया गया। (एजेंसी)

# धूमधाम से मनाया बलिराज पर्व, गुरू कैलापीर मेला शुरू

नई टिहरी : थाती कठुड पट्टी के बूढाकेदार में बलिराज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के आराध्य देवता गुरु कैलापीर के निशान को गाजे बाजे के साथ मंदिर से बाहर निकाला गया। ग्रामीणों ने देवता के निशान के साथ खेतों में दौड़ लगाकर यश कुशलता का आर्शीवाद लिया। इसके साथ ही तीन दिवसीय गुरु कैलापीर मेला भी शुरू हुआ। मुख्य पारम्परिक दीपावली के एक माह बाद बुधवार रात को क्षेत्र के ग्रामीणों ने पारंपरिक व्यंजन बनाकर, भैलो खेलने के साथ आतिशबाजी कर बड़े उत्साह के साथ मंगशीर की बग्वाल मनाई। साथ ही गांव की बालिकाओं द्वारा रामलीला मंचन भी किया गया। गुरुवार को बलिराज पर्व मनाया गया,जिसमें दूरदराज क्षेत्रों से सैकड़ों संख्या में आये श्रद्धालुओं ने शिरकत की। सुबह गुरु कैलापीर के मंदिर पूजा अर्चना की गई, जिसके बाद कैलापीर के 20 फीट लंबे निशान को मंदिर की खिड़की से ढोल दमाऊं गाजे बाजे और लोगों की सीटी बजाने के साथ बाहर निकाला गया। गुरु कैलापीर के निशान के साथ सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पुंडारा के सेरा (खेतों) में दौड़ लगाई, देवता के निशान के पीछे भागते हुए लोगों ने पुआल और फूल फेंककर देवता को अर्पित किये। दौड़ लगाने के बाद देवता के निशान को विधि विधान के साथ मंदिर में उनके स्थान पर स्थापित किया गया। ग्रामीणों ने मेले जमकर खरीदारी भी की। गुरु कैलापीर मंदिर समिति अध्यक्ष भूपेंद्र नेगी, हिम्मत रौतेला, जयप्रकाश राणा, पूरब सिंह नेगी, धनपाल गुनसोला आदि ने कार्यक्रम संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशासन की ओर से गुरु कैलापरी मेले की सुरक्षा के लिए व्यापक सुरक्षा के प्रबंध किये गए थे। (एजेंसी)

### भाजपा प्रदेश महामंत्री का किया भव्य स्वागत

नई टिहरी : नवनियुक्त भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य राम कोठारी का पहली बार गृह जनपद पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। नरेंद्रनगर पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष कोठारी, जिला प्रभारी मुकेश कोहली, सह प्रभारी रमेश चौहान का पालिकाध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार ने बुके भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर नवनियुक्त महामंत्री आदित्य राम कोठारी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, वह उसका पूरी ईमानदारी व दृढ़ता के साथ निर्वहन करेंगे। कहा कि उनका पूरा ध्यान नगर निकाय व नगर पालिका के चुनाव पर रहेगा। जिसके बाद लोकसभा चुनाव की तैयारियां की जाएंगी। स्वागत करने वालों में ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र भंडारी, चंबा शिवानी बिष्ट, वरिष्ठ भाजपा नेता राजपाल पुंडीर, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र नेगी, सभाषद साकेत बिजल्वाण, विनीता देवी, आशा टम्टा, ममता देवी, सरोजनी देवी, अनुसूचित मोर्चा महामंत्री प्रेमलाल टम्टा, दर्शन लाल शाह, नरपाल भंडारी, मदन पंवार, व्यापार मंडल अध्यक्ष आगराखाल धर्मानंद रतूड़ी, यशपाल राणा, आशुतोष रतूड़ी, वीर विक्रम सिंह रावत आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

### प्रधान संगठन सीडीओ और डीडीओ से मिला

नई टिहरी : जनपद टिहरी गढ़वाल प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष रविन्द्र सिंह राणा की अगुआई में जिले के ग्राम प्रधानों का प्रतिनिधिमंडल सीडीओ मनीष कुमार और डीडीओ से मिला।

मनरेगा को लेकर तमाम तरह की मांगें सामने रखीं। प्रधानों ने अवगत कराया की पिछले माह 14 अक्टूबर से अभी तक मनरेगा योजनाओं के प्राक्कलनों की तकनीकी स्वीकृति मिलने के पश्चात एक माह से भी ज्यादा समय होने के बावजूद प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिल पाई है। जिस कारण गांवों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जिस पर सीडीओ मनीष कुमार ने प्रधानों को बताया कि प्रशासनिक स्वीकृति जल्द की जा रही है। साथ ही मनरेगा योजनाओं में एनएमएमएस सिस्टम के काम न करने के बावजूद भी 19 से अधिक श्रमिकों के मस्टरोल न निकलने की वजह से योजनाओं को समय से पूर्ण नहीं कर करा पा रहे हैं। इस संबंध में जिला विकास अधिकारी ने अवगत कराया की शासन को इस समस्या के समाधान हेतु पत्राचार किया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा, कोषाध्यक्ष संदीप रावत, अरविंद नेगी सहित कई प्रधान संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# स्थानांतरण कानून 2017 को संशोधन के साथ लागू किया जाए

चमोली : राजकीय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने स्थानांतरण नीति के बजाए अल्प संशोधनों के साथ स्थानांतरण कानून-2017 को लागू करने की मांग की। शिक्षकों ने मांग की है कि अटल उत्कृष्ठ विद्यालयों को भी इस स्थानांतरण कानून के तहत शामिल किया जाए। संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप भंडारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शिक्षकों ने जिले में रिक्त पड़े प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक सहित कनिष्ठ और वरिष्ठ सहायक सहित अन्य पदों पर नियुक्ति की मांग की। कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों का काम भी शिक्षकों को करना पड़ रहा है। ऐसे में शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है। बैठक में पदोन्नति सूची जारी करने, वेतन विसंगति को दूर करने, खाली शिक्षकों के पदों को भरने सहित कई मामलों में चर्चा की गई। वहीं कई समस्याओं के निराकरण प्रक्रिया को गतिमान करने के लिए विभागीय अधिकारियों का धन्यवाद भी जताया गया। बैठक में जिला मंत्री प्रकाश चौहान, उपाध्यक्ष बृजमोहन रावत, सीमा पुंडीर, संयुक्त मंत्री मोहन सिंह, शर्मिला डिमरी, संगठन मंत्री बीरेंद्र सिंह, मीनाक्षी सती, आय व्यय निरीक्षक राजेंद्र नेगी, निर्वतमान जिला मंत्री भगत कंडवाल, देवाल के अध्यक्ष पार सिंह, मंत्री संतोष बिष्ट, नारायणबगड़ के मंत्री भगत सिंह, कर्णप्रयाग के अध्यक्ष डा. कमलेश कुंवर और मंत्री नरेंद्र कंडवाल, नंदानगर के अध्यक्ष अतीश खंडूड़ी और मंत्री सतीश भट्ट, पोखरी के अध्यक्ष ब्रह्मानंद किमोठी और मंत्री महावीर जग्गी, दशोली के मंत्री वासुदेव झिंक्वाण आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### धुमाकोट पुलिस ने किया वारंटी को गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पौड़ी जिले की धुमाकोट पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्रीमती श्वेता चौबे द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को माननीय न्यायालय से जारी गैर जमानती वारण्टियों को गिरफ्तार करने के लिए अभियान चलाकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में थाना धुमाकोट पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी धुमाकोट द्वारा जारी वारंट से सम्बन्धित अभियुक्त अभी सिंह उर्फ किशन बहादुर पुत्र शेर बहादुर निवासी नैनीडांडा, थाना धुमाकोट जनपद पौड़ी गढ़वाल को गुरूवार को नौनियाखेत धुमाकोट से गिरफ्तार किया। अभियुक्त को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।

# देवलांग पर्व धूमधाम से मनाया

उत्तरकाशी : रवांई घाटी क्षेत्र में देवलांग का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। देवलांग का यह पर्व रवांई घाटी क्षेत्र की बनाल पट्टी के गैर गांव, ठकराल पट्टी के गंगटाड़ी गांव एवं वजरी पट्टी के कुथनौर गांव में मनाया जाता है। दूसरे गांवों में मंगशीर बग्वाल के रूप में ढोल नगाड़ों की थाप पर भैलो खेल कर बग्वाल मनाई गई।रवांई घाटी क्षेत्र के नौगांव ब्लॉक के अंतर्गत गैर, गंगटाड़ी और कुथनौर गांव में देवलांग पर्व की बुधवार को अमावस्या के दिन तैयारी की गई। रात में देवलांग की पूजा अर्चना कर रात से लेकर सुबह तक देवलांग का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया।

रात में देवलांग के इस ऐतिहासिक पर्व के साक्षी बनने दूर दूर से यहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचे तथा स्थानीय एवं आस पास के ग्रामीण रात में ढोल नगाड़ों के साथ नाच–गा कर गैर गांव राजा रघुनाथ मंदिर प्रांगण में पहुंचे, जहां देवलांग पर्व में शामिल हुए। इस दौरान भारी संख्या में मेलार्थी देवलांग मेले में शामिल रहे। वहीं गंगटाड़ी और कुथनौर में भी बड़े धूमधाम के साथ देवलांग का पर्व मनाया गया। साथ ही क्षेत्र के अलग–अलग गांवों में मंगसीर कई बग्वाल भैलो खेल कर मनाई गई तथा लोगों ने खूब रासो व तांदी नृत्य भी किया। (एजेंसी)

### चकराता में आउटसोर्स सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त

विकासनगर। छावनी परिषद चकराता में आउटसोर्सिंग के माध्यम से काम कर रहे सफाई कर्मियों ने गुरुवार को हड़ताल समाप्त कर दी है। सफाई कर्मियों के काम पर लौटने से सफाई व्यवस्था भी पटरी पर आ गई है। छावनी परिषद में आउटसोर्सिंग के माध्यम से काम कर रहे 22 सफाई कर्मी बीते 16 नवंबर से हड़ताल पर चले गए थे, जिससे क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पटरी से उतरी हुई थी। ठेकेदार और सफाई कर्मियों के बीच छावनी परिषद के अधिकारियों की मध्यस्ता के बाद आठ दिन से कार्य बहिष्कार कर रहे सफाई कर्मियों ने हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया। अपना वेतन बढ़ाने, काम के घंट तय करने, ठेकेदार के व्यक्ति को सुपरवाइजर नियुक्त करने सहित अन्य कई मांगों को लेकर कैंट बोर्ड चकराता में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्य कर रहे सफाई कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर हड़ताल शुरू की थी। कैंट अधिकारियों और ठेकेदार से कई दौर की वार्ता के बाद भी कर्मचारी काम पर नहीं लौट रहे थे। बुधवार शाम मुख्य अधिशासी अधिकारी आरएन मंडल के दिशानिर्देशन में कैंट अधिकारियों से वार्ता करने के बाद सफाई कर्मचारी गुरुवार सुबह से काम पर लौट आये।

### नेपा की टीम ने एकलव्य विद्यालय का भ्रमण किया

विकासनगर। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी में गुरुवार को राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नेपा) की टीम ने भ्रमण किया। इस दौरान टीम ने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक और शिक्षणेत्तर गतिविधियों की जानकारी ली।टीम ने विद्यालय अकादमिक भवन, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, संग्रहालय, कंप्यूटर कक्ष, संगीत कक्ष, चित्रकला कक्ष, छात्रावास, भोजनालय और बर्थ डे गार्डन का भ्रमण किया। संग्रहालय में रखी जनजातीय संस्कृति से संबंधित धरोहरों की जानकारी ली। कक्षा कक्षों में जाकर छात्र–छात्राओं से संवाद किया। विद्यालय परिसर में बनाए गए बर्थ डे गार्डन को टीम ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय प्रयास बताया। टीम के सदस्यों ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ ही शिक्षणेत्तर गतिविधियों के माध्यम से छात्र–छात्राओं का संपूर्ण व्यक्तित्व विकास किया जा रहा है।

# भावी डॉक्टरों को स्थानीय भाषा का ज्ञान होना जरूरी

### मेडिकल कॉलेज में छात्रों को सिखाई जा रही गढ़वाली भाषा

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के दिशा–निर्देशों व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत की पहल पर श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं को गढ़वाली भाषा में दक्ष किया जा रहा है। एनएमसी का भी मानना है कि भावी डॉक्टरों को स्थानीय भाषा का भी ज्ञान होना जरूरी है। इससे छात्रों को चिकित्सा सेवा के दौरान स्थानीय भाषा में दक्ष बनने से मरीजों की समस्या समझने व उनके इलाज करने में सहायता मिलेगी। इसी को देखते हुए मेडिकल कॉलेज में एक माह का फाउंडेशन कोर्स के माध्यम से गढ़वाली भाषा सिखाई जा रही है।मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत ने बताया कि श्रीनगर मेडिकल कॉलेज गढ़वाल क्षेत्र का चिकित्सा सेवा की लाइफ लाइन माना जाता है। यहां ग्रामीण अंचलों से मरीज इलाज कराने के लिए पहुंचते है। ऐसे में गढ़वाल के मरीजों द्वारा अपनी स्थानीय भाषा में ही अपना मर्ज डॉक्टरों के पास बताया जाता है। ऐसे में कतिपय बार डॉक्टरों को उनकी समस्या समझने में दिक्कत होती है। इसलिए एनएमसी के दिशा-निर्देशों पर अब स्थानीय भाषा के बारे में एमबीबीएस छात्रों को जानकारी दी जा रही है। इसलिए फाउंडेशन कोर्स में गढ़वाली भाषा भी सिखाई जा रही है। बेस अस्पताल के आरकेएसके काउंसलर मनमोहन सिंह ने एमबीबीएस के छात्रों को अस्पताल में पहुंचने वाले ग्रामीणों क्षेत्र के महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा गढ़वाली भाषा में बताये जाने वाले रोगों एवं शरीर के अंगों के बारे में जानकारी दी। साथ ही ऐसे मरीजों को समझने के लिए क्या क्या करना चाहिए इस बारे में जानकारी दी गई। एमबीबीएस के छात्रों ने भी गढ़वाली भाषा में मरीज द्वारा चिकित्सा सेवा लेते वक्त कही जाने वाली बातों को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें चिकित्सा सेवा के दौरान याद रखे जाने तथा मरीजों एवं स्वयं के लिए लाभाकारी बताया। इस मौके पर कम्युनिटी मेडिसन विभाग से डॉ. सुरेन्द्र सिंह, डॉ. संध्या, डॉ. अनिल शाह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### 26 को दियुली में होगा कार्यक्रम

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल की अध्यक्षता में 26 नवम्बर को बाल मैत्री शिशु संस्थान, दियुली, ग्राम मलेल विकासखंड यमकेश्वर में महिला हिंसा व भेदभाव उन्मूलन हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस एवं अन्तर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के उपलक्ष्य में विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही कार्यक्रम में महिलाओं के विरूद्ध बढ़ रही हिंसा को रोकने के लिए बने कानूनों, महिलाओं के उत्थान हेतु चलाई जा रही समस्त केंद्र व राज्य स्तरीय योजनाओं से भी अवगत कराया जायेगा। इसके अलावा कार्यक्रम में प्रचार-प्रसार सामाग्री का भी वितरण किया जाएगा।

### तमंचे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। तमंचे के साथ राजपुर थाना पुलिस ने एक आरोपी गिरफ्तार किया है। कुठालगेट चौकी इंचार्ज सुमेर सिंह ने बताया कि बुधवार देर शाम ओल्ड मसूरी रोड पर चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान पुलिस को देखकर एक आरोप अपनी बाइक लेकर वापस भागने लगा। जिसे पुलिस ने दबोच लिया। आरोपी की पहचान आशीष उपाध्याय निवासी मालसी, सिनौला के रूप में हुई। आरोपी से एक देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। उसके खिलाफ आर्म्स ऐक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### चकराता से हनोल के लिए निकली आध्यात्मिक यात्रा

विकासनगर। हर की पैड़ी से हनोल तक की आध्यात्मिक पदयात्रा ने गुरुवार को चकराता से हनोल के लिए प्रस्थान किया। सोलह नवंबर से शुरू हुई पदयात्रा गुरुवार को जाड़ी में रात्रि विश्राम करेगी। यात्रा का नेतृत्व कर रहे आचार्य बालकृष्ण महाराज ने कहा कि हर की पैड़ी से हनोल तक निकलने वाली आध्यात्मिक पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य जौनसार बावर में युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखने के साथ ही क्षेत्र में बढ़ते अपराधों, लव जिहाद, धर्म परिवर्तन और वनों के अवैध कटान पर रोक लगाना है। इसके साथ ही यात्रा मकसद सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करना और गो रक्षा भी है। उन्होंने कहा कि आज गौमाता संकट में है और जौनसार बावर नशे की गिरफ्त में है। धर्म परिवर्तन और लव जिहाद भी जौनसार में पैर पसार चुका। इस यात्रा के माध्यम से भटके हुए नौजवानों में आध्यात्मिक जागृति पैदा की जा रही है। यात्रा के दौरान रास्ते में पड़ने वाले विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना करने के बाद छावनी बाजार से अगले पड़ाव के लिए प्रस्थान किया। चकराता के टैक्सी स्टैंड पर अनेक लोगों ने यात्रा का स्वागत किया।

### ऋषिकेश में दो बड़े कारोबारियों के आवास और प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग का छापा

ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश में आयकर विभाग की अलग–अलग टीमों ने दो बड़े कारोबारियों के आवास और प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की।

विभागीय टीम ने इनकम से जुड़े अहम दस्तावेज कब्जे में लिए है। देर शाम तक कार्रवाई जारी रही। औचक छापेमारी से शहर के प्रॉपर्टी डीलर, फाइनेंसर और व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति रही। गुरुवार सुबह आयकर विभाग की दो अलग–अलग टीमें तीर्थनगरी ऋषिकेश पहुंचीं। यहां एक टीम हरिद्वार रोड पर कोयलघाटी तिराहे से पहले प्रॉपर्टी डीलर और फाइनेंसर मानव जौहर के एमजे प्रॉपर्टी डीलर कार्यालय पहुंची।

कार्यालय बंद मिला, इससे विभागीय टीम ने कार्यालय खुलने का घंटों इंतजार किया। दोपहर के समय कार्यालय खुलने पर विभाग ने यहां से अहम दस्तावेज कब्जे में लिये। जौहर के कार्यालय के बंद होने के चलते खबर मिली कि इनकम टैक्स की टीम उनके देहरादून रोड स्थित आवास में छापेमारी के लिए पहुंची है। सूचना पाकर मीडियाकर्मी मौके पर पहुंचे लेकिन आवास पर छापेमारी जैसी गतिविधि नहीं मिली। आयकर विभाग की दूसरी टीम ने लाजपत रोड पर कारोबारी नितिन गुप्ता के गढ़वाल हौजरी शोरूम में दस्तक दी। साप्ताहिक बाजार बंदी के चलते शोरूम में ताला लटका मिला।

# पीएमएफबीवाई में किसान अनुकूल बदलाव करने को तत्पर

## किसानों में योजना की स्वीकार्यता पिछले छः वर्षों में बढ़ी

**दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि मंत्रालय हाल के जलवायु संकट और तीव्र प्रौद्योगिकीय उन्नति के मद्देनजर पीएमएफबीवाई में किसान-अनुकूल बदलाव करने को तत्पर है। कृषि और किसान कल्याण सचिव ने कहा कि नई चुनौतियों का मुकाबला करने के लिये 2016 के बाद की योजना में प्रमुख संशोधन के उपाय किये जा रहे है। द्रुत नवोन्मेष के युग में डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी सटीक खेती के साथ सुगमता तथा पीएमएफबीवाई गतिविधियों को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सचिव ने बताया कि वर्ष 2016 में योजना के आरंभ होने से लेकर अब तक इसमें गैर-ऋण वाले किसानों, सीमांत किसानों और छोटे किसानों की संख्या में 282 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। उल्लेखनीय है कि किसानों में योजना की स्वीकार्यता पिछले छः वर्षों में बढ़ी है।

कृषि और किसान कल्याण सचिव मनोज आहूजा ने कहा कि खेती जलवायु संकट का सीधा शिकार होती है, इसलिये यह जरूरी है कि प्रकृति के उतार-चढ़ाव से देश के कमजोर किसान समुदाय को बचाया जाये। फलस्वरूप, फसल बीमा में बढ़ोतरी संभावित है और इसीलिये हमें फसल तथा ग्रामीण/कृषि बीमा के अन्य स्वरूपों पर ज्यादा जोर देना होगा, ताकि भारत में किसानों को पर्याप्त बीमा कवच उपलब्ध हो सके। श्री आहूजा ने कहा कि वर्ष 2016 में पीएमएफबीवाई की शुरूआत के बाद, यह योजना सभी फसलों और नुकसानों को समग्र दायरे में ले आई। इसके तहत बुवाई के पहले के समय से लेकर फसल कटाई तक की अवधि को रखा गया है। पहली वाली राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना और संशोधित योजना में इस अवधि को नहीं रखा गया था। उन्होंने कहा कि 2018 में इसकी समीक्षा के दौरान भी कई नई बुनियादी विशेषतायें इसमें जोड़ी गईं, जैसे फसल के नुकसान की सूचना देने का समय 48 घंटे से बढ़ाकर 72 घंटे कर दिया गया। इसमें इस बात को ध्यान में रखा गया कि स्थानीय आपदा आने पर नुकसान के निशान 72 घंटे के बाद या तो विलीन हो जाते हैं या उनकी निशानदेही नहीं हो पाती। इसी तरह, 2020 के संशोधन के उपरान्त, योजना में वन्यजीव के हमले के बारे में स्वेच्छा से पंजीकरण कराने और उसे शामिल करने का प्रावधान किया गया, ताकि योजना को अधिक किसान अनुकूल बनाया जा सके।

श्री आहूजा ने कहा कि पीएमएफबीवाई फसल बीमा को अपनाने की सुविधा दे रही है। साथ ही, कई चुनौतियों का समाधान भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संशोधित योजना में जो प्रमुख बदलाव किये गये हैं, वे राज्यों के लिये अधिक स्वीकार्य हैं, ताकि वे जोखिमों को योजना के दायरे में ला सकें। इसके अलावा किसानों की बहुत पुरानी मांग को पूरा करने के क्रम में सभी किसानों के लिये योजना को स्वैच्छिक बनाया गया है। श्री आहूजा ने स्पष्ट किया कि कुछ राज्यों ने योजना से बाहर निकलने का विकल्प लिया है। इसका प्राथमिक कारण यह है कि वे वित्तीय तंगी के कारण प्रीमियम सब्सिडी में अपना हिस्सा देने में असमर्थ हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्यों के मुद्दों के समाधान के बाद, आंध्र प्रदेश जुलाई 2022 से दोबारा योजना में शामिल हो गया है। आशा की जाती है कि अन्य राज्य भी योजना में शामिल होने पर विचार करेंगे, ताकि वे अपने किसानों को समग्र बीमा कवच प्रदान कर सकें। ध्यान देने योग्य बात यह है कि ज्यादातर राज्यों ने पीएमएफबीवाई के स्थान पर क्षतिपूर्ति मॉडल को स्वीकार किया है। याद रहे कि इसके तहत पीएमएफबीवाई की तरह किसानों को समग्र जोखिम कवच नहीं मिलता।

श्री आहूजा ने कहा कि द्रुत नवोन्मेष के युग में डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी सटीक खेती के साथ सुगमता तथा पीएमएफबीवाई गतिविधियों को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एग्री-टेक और ग्रामीण बीमा का एकीकरण, वित्तीय समावेश तथा योजना के प्रति विश्वास पैदा करने का जादुई नुस्खा हो सकता है। हाल ही में मौसम सूचना और नेटवर्क डाटा प्रणालियां (विंड्स), प्रौद्योगिकी आधारित उपज अनुमान प्रणाली (यस-टेक), वास्तविक समय में फसलों की निगरानी और फोटोग्राफी संकलन (क्रॉपिक) ऐसे कुछ बड़े काम हैं, जिन्हें योजना के तहत पूरा किया गया है, ताकि अधिक दक्षता तथा पारदर्शिता लाई जा सके। वास्तविक समय में किसानों की शिकायतों को दूर करने के लिये छत्तीसगढ़ में एक एकीकृत हेल्पलाइन प्रणाली का परीक्षण चल रहा है। प्रीमियम में केंद्र और राज्य के योगदान का विवरण देते हुये श्री आहूजा ने कहा कि पिछले छः वर्षों में किसानों ने केवल 25,186 करोड़ रुपये का योगदान किया, जबकि उन्हें दावों के रूप 1,25,662 करोड़ रुपये चुकता किये गये। इसके लिये केंद्र और राज्य सरकारों ने योजना में प्रीमियम का योगदान किया था। याद रहे कि 2022 में महाराष्ट्र, हरियाणा और पंजाब से अधिक वर्षा तथा मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड से कम वर्षा की रिपोर्टें दर्ज की गईं। इसके कारण धान, दालों और तिलहन की फसल चौपट हो गई। इसके अलावा, अप्रत्याशित रूप से ओलावृष्टि, बवंडर, सूखा, लू, बिजली गिरने, बाढ़ आने और भूस्खलन की घटनायें भी बढ़ीं। ये घटनायें 2022 के पहले नौ महीनों में भारत में लगभग रोज होती थीं। इनके बारे में कई विज्ञान एवं पर्यावरण दैनिकों और पत्रिकाओं में विवरण आता रहा है।

श्री आहूजा ने बताया कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम्स ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट 2022 में मौसम की अतिशयता को अगले 10 वर्षों की अवधि के लिये दूसरा सबसे बड़ा जोखिम करार दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मौसम मे अचानक होने वाला परिवर्तन हमारे देश पर दुष्प्रभाव डालने में सक्षम है। उल्लेखनीय है कि हमारे यहां दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आबादी का पेट भरने की जिम्मेदारी किसान समुदाय के कंधों पर ही है। इसलिये यह जरूरी है कि किसानों को वित्तीय सुरक्षा दी जाये और उन्हें खेती जारी रखने को प्रोत्साहित किया जाये, ताकि न केवल हमारे देश, बल्कि पूरे विश्व में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। पीएफएफबीवाई मौजूदा समय में किसानों के पंजीकरण के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी फसल बीमा योजना है। इसके लिये हर वर्ष औसतन 5.5 करोड़ आवेदन आते हैं तथा यह प्रीमियम प्राप्त करने के हिसाब से तीसरी सबसे बड़ी योजना है। योजना के तहत किसानों के वित्तीय भार को न्यूनतम करने की प्रतिबद्धता है, जिसमें किसान रबी व खरीफ मौसम के लिये कुल प्रीमियम का क्रमशः 1.5 प्रतिशत और दो प्रतिशत का भुगतान करते हैं। केंद्र और राज्य प्रीमियम का अधिकतम हिस्सा वहन करते हैं। अपने क्रियान्वयन के पिछले छह वर्षों में किसानों ने 25,186 करोड़ रुपये का प्रीमियम भरा है, जबकि उन्हें 1,25,662 करोड़ रुपये (31 अक्टूबर, 2002 के अनुरूप) का भुगतान दावे के रूप में किया गया है। किसानों में योजना की स्वीकार्यता का पता इस तथ्य से भी मिलता है कि गैर-ऋण वाले किसानों, सीमांत किसानों और छोटे किसानों की संख्या 2016 में योजना के शुरू होने के बाद से 282 प्रतिशत बढ़ी है। वर्ष 2017, 2018 और 2019 के कठिन मौसमों के दौरान मौसम की सख्ती बहुत भारी पड़ी थी। इस दौरान यह योजना किसानों की आजीविका को सुरक्षित करने में निर्णायक साबित हुई थी। इस अवधि में किसानों के दावों का निपटारा किया गया, उन दावों के मद्देनजर कुल संकलित प्रीमियम के लिहाज से कई राज्यों ने औसतन 100 प्रतिशत से अधिक का भुगतान किया। उदाहरण के लिये छत्तीसगढ़ (2017), ओडिशा (2017), तमिलनाडु (2018), झारखंड (2019) ने कुल प्राप्त प्रीमियम पर औसतन क्रमशः 384 प्रतिशत, 222 प्रतिशत, 163 प्रतिशत और 159 प्रतिशत भुगतान किया।

## फिर खतरनाक हुआ कोरोना, लॉकडाउन लगा-स्कूल, शापिंग माल्स बंद

**बीजिंग ,(एजेंसी)।** कोरोना का कहर फिर बढने लगा है और चीन में रोजाना केसों की सख्या 31,454 पर पहुंच गई। बढ़ते केसों के बाद सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। राजधानी बीजिंग में तो पार्क, कार्यालय भवनों और शपिंग माल्स बंद कर दिए गए हैं। बीजिंग के सबसे अधिक आबादी वाले चाओयांग जिले में करीब पूर्ण लकडाउन लगाया गया है। इस बीच, एपल प्लांट में श्रमिकों व सुरक्षा कर्मियों के बीच झड़प के बाद जेंगझू में लकडाउन लगा दिया गया है। कोरोना के बढ़ते मामलों के चलते मास टेस्टिंग की जा रही है।बीजिंग में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। साथ ही राजधानी में बाहर से आने वाले लोगों पर पाबंदी लगाई गई है। बीजिंग में बाहर से आने वाले लोगों को अपनी तीन दिन पुरानी कोरोना रिपोर्ट दिखानी होगी। इसके अलावा सरकार ने गुआंगझोऊ के बैयून में लाकडाउन लगाया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य ब्यूरो ने कहा कि चीन में बुधवार को 31,454 नए मामले सामने आए थे। जिसमें से 27,517 में कोई लक्षण नहीं थे। अगर चीन की 14 बिलियन की आबादी को देखा जाए तो यह आंकड़ा बेहद कम है। चीन में अप्रैल 2022 में 29,390 नए मामले सामने आए थे। पर बुधवार के आंकड़ों ने अधिकतम उंचाई को टू लिया है।

## दुबई में ड्रिंक एंड ड्राइव मामले में भारतीय पर लगाया गया 6,806 डॉलर का जुर्माना

**दुबई ,(एजेंसी)।** दुबई में शराब पीकर गाड़ी चलाने और एक कार को टक्कर मारने के बाद मौके से फरार होने के मामले में एक भारतीय व्यक्ति पर 25,000 दिरहम (6,806 डलर) का जुर्माना लगाया गया है। 18 अगस्त को 39 वर्षीय भारतीय ने कार से नियंत्रण खो दिया और सड़क के दाईं ओर खड़ी दूसरी गाड़ी में टक्कर मार दी।

दुर्घटना करने के बाद आरोपी घटनास्थल से भाग गया, लेकिन कैमरे द्वारा कार की नंबर प्लेट की पहचान करने के बाद कुछ ही घंटों में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसने पुलिस के सामने स्वीकार किया कि वह शराब के नशे में कार चला रहा था। दो दिन हिरासत में रहने के बाद उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। न्यायाधीशों ने उसे 25,000 दिरहम का भुगतान करने का आदेश दिया और कहा है कि अगर वह इसका पालन नहीं करता है तो उसे आठ महीने की जेल होगी। दुबई के ट्रैफिक कोर्ट में सुनवाई में शामिल नहीं होने पर आरोपी को दंडित भी किया गया था। संयुक्त अरब अमीरात में कानून काफी सख्त है। वहां नशे में ड्राइविंग के लिए जीरो टलरेंस है।शराब पीकर गाड़ी चलाने पर 60 दिनों के लिए वाहन की जब्ती समेत कारावास और कम से कम 20,000 दिरहम का संभावित जुर्माना शामिल है।

## आईएसआई की कमान संभाल चुके ले. जनरल आसिम मुनीर पाकिस्तान के नए आर्मी चीफ

**लाहौर ,(एजेंसी)।** पाकिस्तान के नए आर्मी चीफ ले. जनरल आसिम मुनीर होंगे। मुनीर जनरल कमर जावेद वाजवा की जगह लेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को ज्वाइंट चीफ्स अफ स्टाफ नियुक्त किया गया है। उक्त जानकारी पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्री मरियम औरंगजेब ने दी। पाकिस्तान सरकार ने बताया कि आर्मी चीफ की नियुक्ति के लिए रक्षा मंत्रालय से नामों का पैनल प्राप्त हुआ था। प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया, श्रक्षा मंत्रालय से ज्वाइंट चीफ्स अफ स्टाफ कमेटी के चेयरमैन और आर्मी चीफ के लिए नामों की एक लिस्ट मिली थी। आसिम मुनीर को अक्टूबर 2018 में इंटेलीजेंस चीफ नियुक्त किया गया था। मुनीर को जनरल बाजवा का पसंदीदा अफसर कहा जाता है।

## एक नहीं, कई हथियारों से आफताब ने किए श्रद्धा के 35 टुकड़े, पुलिस को मिले 5 धारदार चाकू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के महरौली इलाके में मुंबई की श्रद्धा वालकर हत्याकांड की जांच पर पूरे देश की निगाहें टिकी है। आरोपित आफताब का गुरुवार को कई घंटो तक पलीग्राफ टेस्ट किया गया। इस बीच दिल्ली पुलिस को इस मामले में बड़ी सफलता हासिल हुई है। श्रद्धा के लिव इन पार्टनर आफताब ने दिल्ली पुलिस को बताया है कि उसने श्रद्धा के शव के टुकड़े करने के लिए एक नहीं बल्कि कई हथियारों का प्रयोग किया।

बता दें कि मुंबई के आफताब अमीन पूनावाला और श्रद्धा वालकर दिल्ली के महरौली थाना क्षेत्र स्थित छतरपुर इलाके में लिव इन में रहते थे। आफताब पर आरोप है कि 18 मई 2022 को उसने श्रद्धा की गला दबाकर हत्या कर दी और उसके शरीर के 35 टुकड़े कर दिए। फिर उसने श्रद्धा के शरीर के कटे हुए हिस्सों को दक्षिणी दिल्ली के महरौली के जंगलों में दें कने से पहले फ्रिज में कई दिनों तक सुरक्षित रखा था।

आरोपित से पूछताछ के बाद पता चला कि 18 मई को श्रद्धा की हत्या के बाद उसने शव को ठिकाने लगाने के तरीकों की खोज शुरू कर दी थी। दिल्ली पुलिस ने खुलासा किया कि उसने शव को निपटाने के लिए कई प्रचिलत टीवी शो भी देखे थे। आफताब ने पुलिस को यह भी बताया कि उसने श्रद्धा के शरीर को काटने से पहले मानव शरीर रचना के बारे में पढ़ा था। इसके बाद उसने शव को बाथरूम में रखा और एक फ्रिज खरीदा जहां उसने शरीर के कटे हुए हिस्सों को कई दिनों तक संभाल कर रखा।

## मोतियाबिंद के ऑपरेशन में छह की गई आंखों की रोशनी, जांच के आदेश

**कानपुर ,(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने मोतियाबिंद के अपरेशन के बाद छह वरिष्ठ नागरिकों की आंखों की रोशनी चली जाने के बाद शहर के एक नर्सिंग होम के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं।

सभी छह का हाल ही में आराध्या नर्सिंग होम में आयोजित नेत्र जांच शिविर में अपरेशन किया गया था।

जिन लोगों का अपरेशन किया गया उनमें से छह ने रोशनी, सिरदर्द और आंखों में दर्द की शिकायत की।

उन्होंने दावा किया कि वे देख नहीं सकते और उनकी आंखों में अत्यधिक दर्द हो रहा था।

## गुजरात चुनावः पीएम मोदी ने कांग्रेस और आप पर साधा निशाना

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए एक सप्ताह का ही समय बचा है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के प्रचार में पूरी ताकत झोंकी हुई है। गुरुवार को उन्होंने अरावली जिले के मोडासा शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि यह मुफ्त बिजली हासिल करने के बजाय उससे आय पैदा करने का समय है। यह आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस को चुनाव में मुफ्त बिजली देने के उनके वादे का मुकाबला करने के लिए एक स्पष्ट कदम है।

उन्होंने आगे कहा कि केवल वो ही इस कला को जानते हैं,

### बोले- यह मुफ्त बिजली हासिल करने का समय नहीं

जिसके जरिए लोग बिजली से पैसा कमा लेंगे। पीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह श्फूट डालो और राज करोश के फर्मूले में भरोसा करती है और सिर्फ इस बात पर ध्यान देती है कि सत्ता में कैसे रहा जाए।

आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस वादे के साथ मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं कि गुजरात में उनकी पार्टी की सरकार तीन सौ यूनिट तक बिजली मुफ्त देगी। केजरीवाल ने कई मौकों पर दावा

किया है कि वह देश के एकमात्र राजनेता हैं, जिन्होंने मुफ्त बिजली देने के इस खेल में महारत हासिल है।

विपक्षी कांग्रेस भी इसमें शामिल हो गई है और उसने अपने घोषणापत्र में जिक्र किया है कि पार्टी राज्य की सत्ता में आने पर तीन सौ यूनिट तक बिजली मुफ्त देगी। गुजरात में 1 और 5 दिसंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं। 8 नवंबर को मतगणना होगी।

## पाकिस्तानी गृह मंत्रालय ने असद उमर को पीटीआई की लंबी रैली के खतरों पर किया सतर्क

**इस्लामाबाद ,(एजेंसी)।** गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) महासचिव असद उमर को पार्टी की लंबी रैली (लन्ग मार्च) के खतरों पर सतर्क किया है। राष्ट्र विरोधी तत्व या फिर कट्टरपंथी युवा इस रैली की सार्वजनिक सभाओं का फायदा उठा सकते हैं और हमले करके देश में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर सकते हैं।गृह मंत्रालय ने पीटीआई को ज्यादा से ज्यादा सावधानी बरतने की सलाह दी और रावलपिंडी में 26 नवंबर को होने वाली जनसभा को स्थगित करने करने के लिए उस पर विचार करने का आग्रह किया।

## डिजिटल मीडिया अवसर और चुनौती दोनों : अनुराग ठाकुर

**जयपुर ,(एजेंसी)।** केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने स्थानीय समाचार पत्र के रजत जयन्ती समारोह में कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम से ही समाचार पत्रों का विशेष महत्व रहा है। उन्होंने कहा कि पहले समाचारों का एक तरफा संचार हुआ करता था, इलैक्ट्रोनिक और डिजिटल मीडिया के विकास से समाचारों का संचार बहुआयामी हो गया है, अब किसी एक गांव की छोटी सी खबर भी डिजिटल मीडिया के माध्यम से राष्ट्रीय पटल तक आ जाती है, पर डिजिटल मीडिया आज के युग में अवसरों के साथ-साथ चुनौतियां भी पेश करता है, यह भी इलैक्ट्रोनिक मीडिया की तरह स्व नियामक है। ठाकुर ने कहा कि इसके नियमन की आवश्यकता है। इसलिए केन्द्र सरकार इस पर जल्द ही कानून लाएगी।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार ईज अफ डुइंग बिजिनेस और ईज अफ लिविंग की दिशा में काम कर रही है। कम्पनियों के पंजीकरण की बात हो या आम नागरिक द्वारा बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया हो, सभी को बहुत आसान कर दिया गया है। श्री ठाकुर ने आगे कहा कि समाचार पत्रों के पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा। केन्द्र सरकार जल्द ही 1867 के कानून के स्थान पर एक नया कानून लाएगी। इसके तहत पंजीकरण प्रक्रिया, जिसमें अब लगभग चार महीने लगते हैं, उसे अनलाइन माध्यम से एक हफ्ते में पूरा करना संभव हो सकेगा। ठाकुर ने कहा कि समाचार पत्र सही खबर को सही समय पर आम जनता के सामने लेकर आएं।

## एनआईए को मिली गैंगस्टर लरेंस बिश्नोई की कस्टडी, बठिंडा जेल से लिया हिरासत में

**बठिंडा (एजेंसी)।** बहुचर्चित पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में आरोपी कुख्यात गैंगस्टर लरेंस बिश्नोई अभी कई राज उगल सकता है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी को गैंगस्टर लरेंस की कस्टडी मिल गई है। एनआईए ने बठिंडा जेल से लरेंस बिश्नोई को हिरासत में ले लिया है। दिल्ली की एक अदालत ने गैंगस्टर लरेंस बिश्नोई को 10 दिनों के लिए एनआईए की कस्टडी में भेजे जाने का आदेश दिया है।

बताया जा रहा है कि अदालत में एनआईए ने कहा कि मूसावाला हत्याकांड का विदेशी कनेक्शन है। मामले में बड़ी साजिश का अंदेशा है। मूसेवाला हत्याकांड में पूछताछ की जरूरत है। एनआईए ने आशंका जताई है कि लरेंस बिश्वनोई के पास पाकिस्तान से हथियार आ रहे हैं।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व भाजपा विधायक की याचिका खारिज की

**प्रयागराज ,(एजेंसी)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 2013 के मुजफ्फरनगर दंगा मामले में बीजेपी विधायक विक्रम सैनी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने वाली याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति समित गोपाल ने अपने आदेश में कहा कि, अपीलकर्ता द्वारा उठाए गए आधार किसी भी तरह से अदालत में अपील नहीं करते हैं। अयोग्यता के परिणामस्वरूप होने वाली आपराधिक गतिविधियां राष्ट्र के हित, आम नागरिक के हित, सांप्रदायिक सद्भाव से संबंधित हैं। केवल यह दलील देकर कि अपीलकर्ता दोषसिद्धि से अयोग्य हो जाएगा, इसे निलंबित करने का कोई आधार नहीं है।

अदालत ने कहा कि, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8, कुछ अपराधों में सजा के बाद अयोग्यता को निर्धारित करती है। अधिनियम द्वारा कवर किए गए भारतीय दंड संहिता के तहत ऐसे अपराध हैं जिनमें एक स्वस्थ के मूल मूल्यों को नष्ट करने की क्षमता है। लोकतंत्र, राज्य की सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता, राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकों और कई अन्य लोगों के बीच शांति और सद्भाव का प्रसार और रखरख-ाव। हाई कोर्ट ने 18 नवंबर को दंगा मामले में एमपीध्एमएलए कोर्ट द्वारा सैनी को दी गई सजा को निलंबित कर दिया था, उन्हें जमानत दे दी थी और इसी मामले में सजा को निलंबित करने की मांग वाली अर्जी पर सुनवाई के लिए 22 नवंबर की तारीख तय की थी।

सैनी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने दलील दी थी कि सैनी को वर्तमान मामले में राजनीतिक प्रतिशोध के कारण फंसाया गया था क्योंकि 2013 में मुजफ्फरनगर दंगे के दौरान प्रतिद्वंद्वी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में थी। इसके अलावा कोई सार्वजनिक गवाह भी उपलब्ध नहीं है।

उनके वकील की ओर से यह भी तर्क दिया गया कि दोषसिद्धि के परिणामस्वरूप, सैनी को विधायक के रूप में अयोग्य घोषित किया गया है और उनका विधानसभा क्षेत्र - खतौली - खाली हो गया था। इसके अलावा, जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8 के अनुसार, वह अगले छह साल की अवधि के लिए चुनाव नहीं लड़ सकते हैं क्योंकि उसे अदालत ने दोषी ठहराया है। इसलिए, इसे देखते हुए न्याय के हित में उनकी दोषसिद्धि को निलंबित किया जा सकता है।दूसरी ओर, राज्य सरकार की ओर से पेश वकील ने दोषसिद्धि को निलंबित करने की प्रार्थना का विरोध किया।सैनी की अयोग्यता के बाद, खतौली विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव 5 दिसंबर को होना है।

विशेष न्यायाधीश, एमपीध्एमएलए कोर्ट, मुजफ्फरनगर ने 11 अक्टूबर को सैनी और 10 अन्य को 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों से संबंधित एक मामले में दो साल की कैद की सजा सुनाई थी।

अदालत ने सैनी को धारा 147, 148, 336, 504, 506 और अन्य धाराओं को देखते हुए सजा सुनाई थी। सैनी ने वर्तमान में आपराधिक अपील दायर करके उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी दोषसिद्धि और सजा को चुनौती दी थी।

## दिल्लीवासियों को वायु प्रदूषण से मिली राहत

**नयी दिल्ली ,(एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को दूसरे दिन भी वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में रहने से दिल्ली वासियों ने राहत की सांस ली। दिल्ली में समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक आज 173 रही। वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान और अनुसंधान की प्रणाली (सफर) ने यह जानकारी दी।

## राहुल की पदयात्रा बोरगांव से प्रारंभ, प्रियंका भी हुई शामिल

**खंडवा ,(एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा आज सुबह मध्यप्रदेश के खंडवा जिले के बोरगांव से प्रारंभ हुयी, जिसमें पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी पहली बार शामिल हुयीं।

राज्य में यात्रा के दूसरे दिन सख्त सुरक्षा प्रबंधों, वरिष्ठ नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं की मौजूद्गी में श्री गांधी ने सुबह निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप बोरगांव से पदयात्रा प्रारंभ की। उनके साथ कल ही यात्रा में शामिल होने आयीं प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी कदमताल किया। श्रीमती वाड्रा शुक्रवार और शनिवार को भी यात्रा के साथ रहेंगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, यात्रा के संयोजक दिग्विजय सिंह, वरिष्ठ नेता जयराम रमेश, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, जीतू पटवारी और दर्जनों वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पदाधिकारी भी यात्रा के साथ चल रहे हैं।

गांधी की पदयात्रा दिन में लगभग दस बजे या उसके बाद दुल्हार फाटा पहुंचेगी। पूर्वान्ह का विश्राम कार्यक्रम यहीं पर है। इसके बाद आज ही यात्रा दिन में जनजातीय जनजानय टंट्या भील की जन्मस्थली बड़ौदा अहीर में पहुंचेगी। वहां पर आदिवासी सभा भी होगी। गांधी इसके बाद पंधाना में गुरूद्वारा साहिब पहुंचेंगे। साढ़े तीन बजे वहां से पदयात्रा फिर प्रारंभ होगी और देर शाम टैगांव माखन में पदयात्रा को आज का विराम दिया जाएगा। यात्रा का रात्रि विश्राम रोशिया खेरदा नाम के स्थान पर होगा। यहां से यात्रा शुक्रवार को फिर से प्रारंभ होगी। इसके पहले गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने महाराष्ट्र की सीमा से बुधवार को मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले में प्रवेश किया था। यात्रा बोदरली से सुबह प्रारंभ हुयी थी और विभिन्न पड़ाव के बाद शाम को खंडवा जिले के बोरगांव पहुंची थी। यात्रा खंडवा के साथ ही खरगोन, इंदौर, उज्जैन, आगरमालवा जिले से होते हुए चार दिसंबर को राजस्थान की सीमा में प्रवेश कर जाएगी।

## सेना में फर्जी भर्ती की जांच जारी

**मेरठ ,(एजेंसी)।** पठानकोट 272 ट्रांजिट केंप में 108 इन्फैंट्री बटालियन टीए (प्रादेशिक सेना) महार में एक कथित सुरक्षा उल्लंघन की आंतरिक जांच का आदेश दिया गया है, जहां इस साल जुलाई से अक्टूबर तक एक फर्जी भर्ती में तैनाती की गई थी। सेना के अधिकारियों ने कहा कि, जांच उन खामियों पर ध्यान केंद्रित करेगी जो सुरक्षा उल्लंघन का कारण बनीं, फर्जी भर्ती को 12,500 रुपये प्रति माह का वेतन कैसे दिया गया, कैसे उच्च सुरक्षा क्षेत्र में इतने लंबे समय तक उसका पता नहीं चला और वह कैसे इंसास राइफल तक पहुंच गया।

जांच रैकेट में शामिल रैंक के भीतर अन्य कर्मियों के शामिल होने की संभावना पर भी गौर करेगी।

## सम्पादकीय

# तदर्थ कर्मचारियों के हाथ निराशा

उत्तराखंड के भर्ती घोटालों एवं बैक डोर से हुई तदर्थ नियुक्ति के मामले में एक बार फिर बड़ा फैसला आया है जिसमें कई कर्मचारियों को अब अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा। राज्य गठन के बाद उत्तराखंड में युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार देने की संभावनाएं भी जगी थी लेकिन जब राजकाज का क्रम शुरू हुआ तो कई ऐसी घटनाएं होने लगी जिन्होंने युवाओं को निराशा के गर्त में डाल दिया। रात दिन तैयारियां करने के बाद युवा नौकरी के लिए तरसते रहे लेकिन इधर अंदर ही अंदर कुछ ऐसा घर मिल चलता रहा जिसमें घर बैठे ऐसे लोगों को नौकरियां मिल गई जिन्होंने ना तो कोई प्रतियोगी परीक्षा दी और ना ही किसी साक्षात्कार में शामिल हुए। यही नहीं नियुक्तियों के सापेक्ष में ना तो निविदाएं निकाली गई और ना ही आवेदन पत्र मांगे गए। नेताओं एवं नौकरशाहों के प्रभाव से कुछ खास युवाओं को नौकरियां मिलती रही जिसने व्यवस्थाओं को कटघरे में ला खड़ा किया। इधर उत्तराखंड में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षाओं व सचिवालय में हुई नियुक्तियों को लेकर सवाल खड़े हुए तो एक बड़ा घोटाला खुलकर सामने आया। पूरे प्रदेश में विरोध के स्वर उठे तो विधानसभा एवं सचिवालय में बेंगलुरु से हुई नियुक्तियां भी विवादों के घेरे में आई। ष्गुड गवर्नेंसष की दिशा में सरकार ने तत्काल फैसला लेते हुए विधानसभा अध्यक्ष से इस संबंध में प्रस्ताव मांगा और मंजूरी मिलने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने तीन सदस्यीय विशेषज्ञ जांच समिति की रिपोर्ट की सिफारिश के आधार पर 2016 में हुई 150 तदर्थ नियुक्तियां, 2020 में हुई छह तदर्थ नियुक्तियां, 2021 में हुई 72 तदर्थ नियुक्तियां और उपनल के माध्यम से हुई 22 नियुक्तियां रद्द कर दी। इस फैसले से जहां बर्खास्त कर्मचारियों को निराशा हुई तो वही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पक्ष में युवाओं की आशाएं भी जगी और उन्हें लगा कि आने वाले वक्त में युवाओं को निराशा का सामना नहीं करना पड़ेगा। बर्खास्त कर्मचारी हाई कोर्ट गए जहां से उन्हें राहत मिली और वापस नौकरी पर आने के आदेश दिए गए। सरकार फैसले के विरोध में डबल बेंच में गई जहां अदालत ने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को सही मानते हुए एकल बेंच के फैसले को निरस्त कर दिया। उत्तराखंड में हुई यह नियुक्तियां सीधे-सीधे उन युवाओं के हितों पर एक बड़ा कुठाराघात थी जो रात दिन मेहनत करने के बाद सरकारी नौकरी की आस लगाए थे। वही जुगाड़ के बल पर बेहद आसानी से चंद पैसे दें क कर सरकारी नौकरी का यह आसान सा रास्ता अपनाया गया। असल में युवाओं के हितों को लेकर उत्तराखंड में निराशा का दौर बनने लगा था जिस पर नियंत्रण करने के लिए राज्य सरकार को कठोर कदम उठाने ही थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस दिशा में किसी की भी परवाह न करते हुए साहस का परिचय दिया और बैक डोर से हुई भर्तियां निरस्त हुई। इस मामले में बर्खास्त हुए कर्मचारियों को निराशा का सामना जरूर करना पड़ा है लेकिन उन्हें यह समझ लेना चाहिए था कि आसान रास्ते से मंजिल तक पहुंचने के परिणाम कई बार घातक भी होते हैं। राज्य सरकार कि अब एक जिम्मेदारी भी बनती है कि किन लोगों की शहर पर इन युवाओं को विभिन्न पदों पर तैनात किया गया। हालांकि यह कार्य आसान नहीं है लेकिन मुख्यमंत्री यदि ष्बाल की खालष निकालने का साहस जुटा पाते हैं उत्तराखंड का इतिहास उन्हें लंबे समय तक एक साहसी मुख्यमंत्री के तौर पर याद करेगा।

# भूकंप बिगाड़ सकते हैं हिमालय की सेहत

**सुरेश भाई**

नवम्बर 6 और 12, 2022 को आए भूकंप के पांच झटकों ने संकेत दे दिया कि हिमालय के संवेदनशील पर्वत जो बाढ़ और भूस्खलन के लिए भी बहुत संवेदनशील है।

भविष्य में यहां फिर बड़ी तबाही का रूप धारण कर सकती हैं। पिछले 32 वर्षो के दौरान उत्तराखंड और नेपाल में आए भूकंप ने जिस तरह से हजारों लोगों की जान ले ली है, इसके बाद देखा गया कि पर्वतीय क्षेत्रों में बाढ़ एवं भूस्खलन ने बहुत तबाही मचाई है। कह सकते हैं कि पूरा हिमालय क्षेत्र आपदाओं का घर बन गया है। इसके बावजूद कोई सबक न लेकर हिमालय के विकास के स्थिर मडल के विषय पर एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा गया है।

सर्वविदित है कि भूकंप आते रहते हैं। यह ऐसी प्रक्रिया नहीं कि एक बार भूकंप आ गया तो उसके बाद शायद न आए। इसको समझने के लिए ढालदार व ऊंचे पर्वतों वाले हिमालय को जानना जरूरी है जिसके दो ढाल हैं उत्तरी और दक्षिणी। दक्षिणी ढाल में नेपाल, भूटान और भारत हैं। मध्य हिमालय (उत्तराखंड) दक्षिण ढाल पर है। हिमालय की 3 पर्वत श्रृंखलाएं हैं, जिसमें शिवालिक, लघु हिमालय और ग्रेट हिमालय हैं जो भूकंप के लिए अति संवेदनशील हैं। उत्तराखंड में आए 1991 के भूकंप के बाद वैज्ञानिकों के सर्वेक्षण से पता चला कि यमुना के उद्गम स्थल बंदरपूंछ से लेकर गंगोत्री, केदारनाथ, बदरीनाथ से पिथौरागढ़ और नेपाल तक की पहाडियों पर दरारें पड़ी हुई हैं जो लगातार आ रहे भूकंप के कारण चौड़ी होती जा रही है। यह भी सत्य है कि बार-बार भूकंप आने से कुछ दरारें आपस में पट जाती है और कुछ अधिक चौड़ी हो जाती है, जिसमें बरसात के समय पानी भरने से जगह-जगह भूस्खलन पैदा करते हैं, जिसके कारण हिमालय के लोग हर साल अपनी आजीविका के संसाधनों की लगातार कमी महसूस कर रहे हैं और मानवीय त्रासदी झेल रहे हैं। बाढ़, भूकंप, भूस्खलन के लिए भूगर्भ वैज्ञानिकों ने पूरे हिमालय क्षेत्र को जोन 4 और 5 में रखा है। इसके बावजूद

**जापान और अस्ट्रेलिया में भी जगह-जगह भूकंप की दरारें हैं, लेकिन वहां सड़क मार्ग की ऐसी तकनीकी है कि निर्माण के दौरान जल निकासी का पूरा ध्यान रखा जाता है जिसके कारण वहां बरसात के समय सड़कें स्थिर रहती हैं, जबकि हिमालय क्षेत्र में निर्माण कार्यों के कारण ही जल निकासी अवरुद्ध हो रही है और जो मलबा निर्माण कार्यों से निकल रहा है वह सारा का सारा जल संरचनाओं के ऊपर उड़ेला जा रहा है। नदियों के अविरल बहाव को जगह-जगह रोकने के लिए जल विद्युत परियोजनाएं स्वीत की जा रही हैं। उत्तर भारत की सभी नदियों के उद्गम भूकंप से प्रभावित हैं। इसके निकट जितनी भी सुरंग आधारित परियोजनाएं निर्मित एवं निर्माणाधीन हैं, वह सभी भविष्य में बड़ी आपदा को न्योता दे रहे हैं, जबकि छोटी-छोटी सिंचाई नहरों से लघु पनिबजली बनाई जा सकती हैं।**

चिंता है कि ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में कहीं भी भूकंप का सामना करने और बाढ़ नियंत्रण के ऐसे उपाय निर्माण कार्यों के दौरान नहीं देखे जाते हैं, जिससे आपदा के समय बचा जा सके।

भूकंप का खतरा हिमालय में इसलिए भी अधिक है क्योंकि शेष भू-भाग हिमालय को 5 सेंटीमीटर प्रति वर्ष की रफ्तार से उत्तर की तरफ धकेल रहा है। इसका अर्थ है कि हिमालय क्षेत्र गतिमान है और यहां भूगघ्भक हलचल होती रहेगी। इसलिए भूकंप के बाद भूस्खलन स्वाभाविक घटना बन जाती है, लेकिन भूकंप की लगातार बढ़ती तीव्रता को ध्यान में नहीं रखेंगे तो हिमालय की खूबसूरती बिगड़ सकती है। क्योंकि हिमालयी राज्यों में अधिकतर

निर्माण कार्य इन्हीं दरारों के आसपास हो रहे हैं और यहां की धरती में लगभग 15 किमी नीचे अनेकों भ्रंश सक्रिय हैं जो भूकंप की गतिशीलता को बढ़ाते रहते हैं। हिमालय की छोटी एवं संकरी भौगोलिक संरचना को नजरअंदाज करके सुरंग आधारित परियोजनाएं, बहुत चौड़ी सड़कें, बहुमंजिला इमारतों का निर्माण, वनों का व्यावसायिक कटान करने से बाढ़ एवं भूस्खलन के खतरे और अधिक बढ़ रहे हैं। इस तरह के निर्माण कार्य भूकंप की दरार वाले इलाकों में अधिक हो रहे हैं। लंबी-लंबी सुरंगों को बनाने के लिए विस्फोटों का इस्तेमाल हो रहा है। नदियों के किनारे अधिकतर घर, होटल और शहर बन रहे हैं। इसलिए बरसात के समय नदियों में आने वाली बाढ़ के लिए पर्याप्त स्थान न मिलने के कारण यहां पर बेतरतीब ढंग से खड़े किए गए घरों को ही अधिक नुकसान पहुंचता है। अतरू दरार वाले इलाकों में बड़े निर्माण कार्य करना एक तरह से भूस्खलन को न्योता देने जैसा ही है। हर निर्माण कार्य में जल निकासी का रास्ता अवरु द्ध नहीं किया जाना चाहिए।

जापान और अस्ट्रेलिया में भी जगह-जगह भूकंप की दरारें हैं, लेकिन वहां सड़क मार्ग की ऐसी तकनीकी है कि निर्माण के दौरान जल निकासी का पूरा ध्यान रखा जाता है जिसके कारण वहां बरसात के समय सड़कें स्थिर रहती हैं, जबकि हिमालय क्षेत्र में निर्माण कार्यों के कारण ही जल निकासी अवरुद्ध हो रही है और जो मलबा निर्माण कार्यों से निकल रहा है वह सारा का सारा जल संरचनाओं के ऊपर उड़ेला जा रहा है। नदियों के अविरल बहाव को जगह-जगह रोकने के लिए जल विद्युत परियोजनाएं स्वीत की जा रही हैं। उत्तर भारत की सभी नदियों के उद्गम भूकंप से प्रभावित हैं। इसके निकट जितनी भी सुरंग आधारित परियोजनाएं निर्मित एवं निर्माणाधीन हैं, वह सभी भविष्य में बड़ी आपदा को न्योता दे रहे हैं, जबकि छोटी-छोटी सिंचाई नहरों से लघु पनिबजली बनाई जा सकती हैं। इन महवपूर्ण विषयों पर ध्यान न देकर हिमालय सरंक्षण के लिए हर रोज प्रतिज्ञा करने वाले योजनाकारों ने ऐसे विकास कार्यों को तवज्जो दे दी है, जिसमें विनाश के रास्ते साफ तौर पर देखे जा रहे हैं। हिमालय के जलस्त्रोत न हों तो भारत की आधी आबादी के समक्ष पीने के पानी का संकट खड़ा हो जाएगा। पर्वतराज कहे जाने वाले हिमालय को केवल शब्दों में महिमामंडित करने की इतनी जरूरत नहीं है, जितनी कि हिमालय में भूकंप के कारण जो स्थिति पैदा हो रही है। उसके अनुकूल विकास योजनाओं पर ध्यान देने की अधिक जरूरत है। समय रहते हिमालय की कांपती धरती के संदेश को लोग सुनें और लापरवाही नहीं बरतने का संकल्प लें।

## सिफर नतीजे का सम्मेलन

ग्लोबलाइलजेशन के दौर थम चुका है। वैश्विक सप्लाई चेन टूट चुका है। दुनिया खेमों में बंट रही है। तब क्या जी-20 की ऐसी प्रासंगिकता नहीं बचेगी, जिस कारण यह एक महवपूर्व समूह बना था?

इंडोनेशिया के बाली हुए जी-20 शिखर सम्मेलन का सार यही रहा कि नई बनी विश्व परिस्थितियों में ये मंच अपनी प्रासंगिकता खो रहा है। ये बात ध्यान में चाहिए कि जी-20 में देशों को उनकी अर्थव्यवस्था के आकार के आधार पर शामिल किया गया था। यानी यह मुख्य रूप से आर्थिक मंच है। इस समूह की पहचान 2008 की वैश्विक मंदी के समय और उसके बाद बढ़ी, जब इसके सदस्य देशों ने मिल कर दुनिया को उन हालात से उबारने के साझा प्रयास किए। अब जबकि बाली में इन देशों के नेता मिले, तो उस समय एक बार फिर खाद्य और ऊर्जा संकट, महंगाई और उसके कारण मंदी के बनते हालात दुनिया के सामने हैं। ऐसे में इस समूह से यह अपेक्षा उचित होती कि एक बार फिर इसके सदस्य देश दुनिया को राहत पहुंचाने के साझा कदम उठाएंगे। लेकिन यह अपेक्षा सम्मेलन शुरू होने से पहले ही चूक गई, जब पश्चिमी देशों ने इस मंच से रूस को निकालने की कोशिश की और उधर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन को घेरने और उस पर प्रतिबंध लगाने के कई एलान कर दिए। ऐसे में बाली कोई आम सहमति बनती, इसकी गुंजाइश कम थी।

जाहिर है, वहां सारा ध्यान नेताओं की द्विपक्षीय मुलाकातों पर टिका रहा। जबकि शिखर सम्मेलन में यूक्रेन युद्ध जैसे महवपूर्ण मसले पर कोई सार्थक विचार होने के बजाय इस पर मतभेद उभर कर सामने आते रहे। इसकी झलक बाद में जारी बाली घोषणापत्र में भी देखने को मिली। तो कुल सूरत यह उभरी जब ग्लोबलाइलजेशन के दौर थम चुका है, इस कारण वैश्विक सप्लाई चेन टूट चुका है और दुनिया खेमों में बंट रही है, तब पुरानी परिस्थितियों में बना मंच अनौपचारिक चर्चाओं के लिहाज से भले उपयोगी हो, लेकिन उसकी कोई ऐसी प्रासंगिकता नहीं बचेगी, जिसकी वजह से यह एक महवपूर्व समूह बना था। इसलिए संभव है कि आने वाले वर्षों में जी-20 के बजाय दुनिया का ध्यान जी-7, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे देशों के शिखर सम्मेलनों पर अधिक टिके।

# फीफा कप और जाकिर नायक

**अवधेश कुमार**

कतर में फुटबल का महा आयोजन फीफा विश्व कप आरंभ हो गया। अल खोर शहर के 60 हजार की क्षमता वाले अल बायत स्टेडियम में एक भी सीट खाली नहीं दिख रही थी।

पहली बार किसी अरब देश में आयोजित विश्व कप में 28 दिनों में 64 मुकाबले खेले जाएंगे और 18 दिसम्बर को फाइनल के साथ इसका समापन होगा, लेकिन फीफा विश्व कप के आयोजन में एक ऐसी घटना हुई है, जिसकी ओर कम लोगों का ध्यान गया।

यह घटना है, कट्टरपंथी इस्लामी प्रचारक जाकिर नायक की उपस्थिति। जाकिर नायक वहां फुटबल मैच देखने नहीं गया। कतर ने बाजाब्ता उसे निमंत्रण देकर बुलाया। वह वहां खिलाडियों के सामने धर्म की बात करेगा। वहां के एक प्रजेंटर का बयान है कि उपदेशक शेख जाकिर नायक वर्ल्ड कप के दौरान कतर में है और पूरे टूर्नामेंट के दौरान मजहबी लेक्चर देंगे। भारतीयों के लिए यह समाचार निस्संदेह धक्का पहुंचाने वाला है। जाकिर नायक भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए भगोड़ा है, जिसने न केवल भारत बल्कि बाहर भी अपने कट्टरपंथी भाषणों व अभियानों से मजहब कट्टरता को बढ़ाया और आतंकवादी घटनाओं के लिए भी प्रेरित किया। प्रश्न है कि भारत क्या करे? भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी कतर के निमंत्रण पर देश का प्रतिनिधित्व करने वहां गए। कुछ लोग कह सकते हैं कि भारत न केवल पूरे आयोजन का बहिष्कार करे बल्कि कतर के सामने विरोध भी प्रकट किया जाए।

भारतीयों का गुस्सा स्वाभाविक है। किंतु त्वरित प्रतिक्रिया की बजाय ऐसी घटनाएं हमें शांति से बहुत कुछ सोचने को विवश करतीं हैं ताकि भविष्य की दृष्टि से सटीक रणनीति निर्धारित कर सकें। भारत ने वर्ष 2016 में जाकिर नायक के इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन यानी

आईआरएफ को अवैध घोषित कर दिया था। जांच में स्पष्ट हुआ था कि उसके माध्यम से अलग-अलग धार्मिक समुदायों और समूहों के बीच दुश्मनी और नफरत को बढ़ावा दिया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस पर प्रतिबंध भी लगा दिया था। दुनिया के कई प्रमुख देश मान चुके हैं कि जाकिर नायक धर्मगुरु होने की आड़ में इस्लामी कट्टरपंथ को न केवल बढ़ाता है बल्कि दूसरे धर्मो की खुलेआम आलोचना करता है और लोगों को इस्लाम में परिणत भी करता है, लेकिन किसी देश ने विश्व कप फुटबल में उसकी उपस्थिति व नियमित व्याख्यान पर आपत्ति प्रकट नहीं की है। यही वह स्थिति है जिसे समझने की आवश्यकता है। भारत के कई आतंकवादी हमलों में पकड़े गए आतंकवादियों ने बताया कि वह जाकिर नायक से प्रभावित था। कश्मीर के बुरहान बानी जैसे आतंकवादी ने कहा कि वह जाकिर नायक का अनुसरण करता है। बांग्लादेश के विस्फोटों में शामिल आतंकवादियों ने भी जाकिर नायक का नाम लिया था। उसने अपनी तकरीर में ओसामा बिन लादेन का भी समर्थन कर दिया था।

उसने बयान दिया था कि अगर बिन लादेन इस्लाम के दुश्मनों से लड़ रहा है तो मैं उसके लिए हूं। अगर वह सबसे बड़े आतंकवादी अमेरिका को आतंकित कर रहा है तो मैं उसके साथ हूं। वह कर रहा है या नहीं मुझे नहीं पता, लेकिन आपको मुस्लिम होने के नाते पता होना चाहिए कि बगैर जांच के आरोप लगाना भी गलत है। हालांकि नाइक ने बाद में इन बयानों का खंडन भी किया। ये सारी खबरें पूरी दुनिया में गई और हर देश की सरकार और वहां की सुरक्षा एजेंसियों को इसका पता है। बावजूद जाकिर नायक भारत से अरब पहुंच गया और मलयेशिया में है। मलयेशिया में वह आराम से रहता है। मलेशिया ने उसके प्रत्यर्पण की मांग खारिज कर दी। ऐसा लगता है कि एक रणनीति के तहत जाकिर नायक को बुलाया गया है। मुख्य बात यह है कि उसे अंतरराष्ट्रीय आयोजन में उपस्थित होने और अपनी तकरीरें देने का सम्मानजनक अवसर दिया गया है। इस्लाम के अंदर भी विश्व भर में अनेक ऐसे धर्मगुरु हैं, जिनकी प्रतिष्ठा आम मुसलमानों के बीच है। उनसे इतर जाकिर नायक को इतनी प्रमुखता देने की आवश्यकता क्यों हुई? कतर ने इस पर कुछ कहा नहीं है। हम आप इसका अर्थ समझ सकते हैं। यानी जाकिर नायक हमारे आपके लिए एक कट्टरपंथी मजहबी विचारक, वक्ता, प्रचारक है जिसने विश्व भर में इस्लामी चरमपंथ और आतंकवाद को बढ़ावा देने में भूमिका निभाई है किंतु अनेक इस्लामी देशों और उनके शासकों के लिए वह इस्लाम की सेवा कर रहा है।

जाहिर है, वे उस तरह उसके बारे में विचार नहीं कर सकते जिस तरह हम आप करते हैं। यही वह बिंदु है जिस पर स्थिर होकर भारत को भविष्य में इन देशों के बारे में अपना अप्रोच बनाए रखना होगा। भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा के मामले में हमने देखा कि किस तरह कतर सहित कुछ इस्लामी देशों ने अतिवादी प्रतिक्रियाएं दी थी। हमें इनसे इसके विपरीत व्यवहार और चरित्र की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। जो कुछ वे कर रहे हैं यही स्वाभाविक है। अगर विश्व में इस्लामी आतंकवाद इतना शक्तिशाली हुआ और विनाश का कारण बना तो यूं ही नहीं। प्रत्यक्ष और परोक्ष अनेक देशों का उन्हें सहयोग और समर्थन रहा है। अंतरराष्ट्रीय वातावरण और कानून के अनुसार कोई देश वैसे आतंकवादी संगठनों का खुलेआम समर्थन नहीं कर सकता किंतु हमारी तरह वे उसे आतंकवादी और आतंकवादी संगठन मानें यह आवश्यक नहीं है।

तालिबान विश्व भर में प्रतिबंधित था किंतु कतर में उसका राजनीतिक मुख्यालय काम करता रहा। अमेरिका को वहीं तालिबान के साथ बातचीत और समझौता करना पड़ा। कायदे से प्रतिबंध के बाद तालिबान को कहीं भी मुख्यालय बनाने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए थी। तालिबान के लोग विश्व के कई इस्लामी देशों में संरक्षण पाते रहे हैं। जरा सोचिए, जिस समूह ने अलकायदा के साथ मिलकर अमेरिका पर 11 सितम्बर , 2001 का सबसे बड़ा आतंकवादी हमला किया, उसके लोग भी इनके यहां लंबे समय तक अवांछित नहीं रहे तो जाकिर नायक विश्व भर में इस्लामिक विद्वान और उपदेशक है। इसलिए वह इन देशों में अवांछित हो जाएगा ऐसा हमें नहीं मानना चाहिए। वास्तव में इस्लाम के अंदर का चरमपंथ, हिंसक उग्रवाद और आतंकवाद एक लंबे संघर्ष का विषय है जिनमें अपना संयम संतुलन बनाए रखते हुए स्पष्ट नीति के साथ आगे बढना होगा।

# गैरों से पूछती है तरीका निजात का

**जगदीश सिंह सम्पादक**

जिन्द्गी का गुजरता हर लम्हा गम का सौगात दीए जा जा रहा है।हर आदमी हर रोज दर्द का आंसू पिए जा रहा है !मालिक कि मिल्कीयत जिघ्न्द्गी की हर सांस एहसास के उस झझावाती उपवन से होकर गुजरती है जहां मुस्कराते दर्द के फूल अपने खुराफाती वसूल के साथ अपनी विति भरे सुगन्ध को बिखेरते रहते हैं। प्रदूषित वातावरण में उम्र का आवरण घुटन के पर्यावरण मे सिसक सिसक कर पनाह पा रहा है। लोग परेशान हैं हैरान हैं कदम कदम पर अपनों के बीच चल रहा इम्तहान है। जीवन के जंग में तंग आदमी तबाही के तरकश से निकलने वाले शब्द बाणों की वर्षात में छटपटा रहा है।

परिवर्तन के गुलाबी मौसम में कसम कस लिए सुबह से लेकर शाम तक का सफर जहर बुझे चेहरों के बीच से निश दिन मौत के करीब से होकर गुजरता है। साजिशों के संजाल मे भौकाल बनाकर इन्सानियत को रौंदने वालों का शानिध्य अवश्यंभावी हो गया है। माहौल इस कदर खौफजदा हैं कि हर आदमी मोहब्बत की मेहरबानियो को सोच समझ कर मतलब परस्ती की सस्ती लोकप्रियता को पाने के लिए कर रहा है। आस बिस्वास का चलन अब घात प्रतिघात के प्रचलन में तब्दील हो गया है।चेहरे पर चेहरालगाए आदमी की पहचान मुश्किल हो गया है।उपर से मुस्कान दिल में तबाही का तूफान लिए कदम कदम पर गुमान अभिमान का संजाल फैलाए गमजदा मंजर में मासूमियत का भाव जो घाव पैदा कर रहा है।उसका इलाज असम्भव

**गद्दारी का बीज माकूल मौसम पाकर जंगल में तब्दील हो गया है आजादी के सत्तर सालों मेंजमकर हमदर्दी की वर्षात होती रही!और इसका भरपूर असर आतंक पैदा करने वाले जहरीले फूलों के पैदावार पर होता रहा।**

हो गया है।देश के परिवेश में आजकल बिशेष हलचल है। गद्दारी का बीज माकूल मौसम पाकर जंगल में तब्दील हो गया है आजादी के सत्तर सालों मेंजमकर हमदर्दी की वर्षात होती रही!और इसका भरपूर असर आतंक पैदा करने वाले जहरीले फूलों के पैदावार पर होता रहा।इन्सानी खून से सिंचित देश के सीमांत क्षेत्रो मे आच्छादित सियासत के संरक्षण में पुष्पित पल्लवित हैवानियतकी फसल पर देशभक्ति की दवा का छिडकाव जबसे शुरु हुआ है कोहराम मच गया खतरनाक जीव जन्तु किन्तु परन्तु से दूरी बनाकर ठिकाना बदल लिए! जो बच गए वतनपरस्ती की आग में झुलस कर दम तोड दिए!आस्था की नदीयो में उफान है ! ब्यवस्था के परिसीमन में पल पल पारदर्शी बन रहा हिन्दुस्तान है। कश्मीर से कन्या कुमारी तक फैला भारत तेरे टुकड़े होंगे !के सूत्र के परिपालको का सफाया हो गया! तेरा वैभव अमर रहे मां हम दिन चार रहे ना रहें का फलसफा मुकाम हासिल कर लिया है !आने वाला वक्त देशभक्त रहनुमाओं को ब्यवस्था की कसौटी पर रगड़ कर उनकी असलियत का पोल खोलने की तैयारी में है। सावधान रहें सतर्क रहें बदलाव की बहसी हवा तूफान में तब्दील होने वाली है।------??

# भाजपा के ऑपरेशन लोटस फेल हो रहे?

**यात्रा जब महाराष्ट्र में चल रही थी तो पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण भी उसमें शामिल हुए और उसी दौरान उनको गुजरात के चुनाव की जिम्मेदारी दी गई। उनको भी पार्टी के पर्यवेक्षकों में शामिल किया गया। सो, जैसे कर्नाटक में योजना फेल हुई वैसे ही महाराष्ट्र में भी हुई। अब मध्य प्रदेश की चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि भाजपा अपरेशन लोटस-2 की तैयारी कर रही है।**

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा जिस राज्य में पहुंचने वाली होती है, वहां भाजपा के अपरेशन लोटस की चर्चा शुरू हो जा रही है। यात्रा जब तेलंगाना में थी तो लगभग सभी अखबारों में खबर छपी और टेलीविजन चौनलों पर दिखाया गया कि भाजपा महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी को तोड़ देगी। कहा गया कि राहुल की यात्रा जब महाराष्ट्र पहुंचेगी तो अपरेशन लोटस होगा और कांग्रेस के विधायक टूट कर भाजपा में शामिल होंगे। अब बुधवार यानी 23 नवंबर को यात्रा मध्य प्रदेश में प्रवेश कर रही है तो उससे पहले कहा जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी के विधायक टूटेंगे, अपरेशन लोटस होगा। उससे पहले जब यात्रा केरल से कर्नाटक पहुंची थी तब भी यही कहा गया था।

हालांकि हकीकत यह है कांग्रेस न कर्नाटक में टूटी और न महाराष्ट्र में उसका कोई विधायक टूट कर भाजपा के साथ गया। ध्यान रहे भाजपा महाराष्ट्र में काफी समय से इसका प्रयास कर रही है। शिव सेना से टूट कर जब एकनाथ शिंदे गुट अलग हुआ और भाजपा के समर्थन से नई सरकार बनी तो उसके विश्वास मत प्रस्ताव पर वोटिंग के समय कांग्रेस के कई विधायक नहीं पहुंचे। उनमें पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी शामिल थे। नहीं पहुंचने वाले विधायकों ने कहा कि वे ट्रैफिक में फंस गए थे लेकिन असल कहानी बताई गई कि ये विधायक कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में जाने वाले हैं। अशोक चव्हाण के साथ साथ पृथ्वीराज चव्हाण के बारे में भी कहा जा रहा था कि वे कांग्रेस छोड़ेंगे।

लेकिन जब राहुल गांधी की यात्रा महाराष्ट्र पहुंची तो ये दोनों नेता यात्रा के साथ रहे। अशोक चव्हाण सारी तैयारियों में शामिल रहे क्योंकि यात्रा उनके क्षेत्र नांदेड़ से ही महाराष्ट्र में प्रवेश कर रही थी। इतना ही नहीं उनकी बेटी श्रीज्या नांदेड़ में पूरे समय राहुल गांधी के साथ रहीं। नांदेड़ में यह यात्रा 104 किलोमीटर चली और श्रीज्या पूरे समय राहुल के साथ पैदल चलीं। बाद में अशोक चव्हाण ने बताया कि उनकी बेटी राहुल गांधी की प्रशंसक है और वह उनके साथ कश्मीर तक पैदल चलने को तैयार है। ध्यान रहे चव्हाण ने अघोषित रूप से अपनी बेटी को अपना उत्तराधिकारी बना दिया है और वे उनके पारंपरिक भोखर विधानसभा क्षेत्र में काम कर रही हैं।

यात्रा जब महाराष्ट्र में चल रही थी तो पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण भी उसमें शामिल हुए और उसी दौरान उनको गुजरात के चुनाव की जिम्मेदारी दी गई। उनको भी पार्टी के पर्यवेक्षकों में शामिल किया गया। सो, जैसे कर्नाटक में योजना फेल हुई वैसे ही महाराष्ट्र में भी हुई। अब मध्य प्रदेश की चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि भाजपा अपरेशन लोटस-2 की तैयारी कर रही है। यानी एक बार फिर कांग्रेस पार्टी के कुछ विधायकों को तोड़ा जाएगा। लेकिन इसकी संभावना कम दिख रही है। इक्का दुक्का विधायक टूटें तो अलग बात है लेकिन ज्यादातर विधायक अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में अपने अपने क्षेत्र में काम करने में लग गए हैं।

# ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र पहुंची कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को विधायक रवि बहादुर ने किया स्वागत

हरिद्वार। भारत जोड़ो हरिद्वार जिंदाबाद यात्रा का ज्वालापुर विधानसभा में पहुंचने पर विधायक रवि बहादुर के साथ स्थानीय निवासियों ने जोरदार स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के नेतृत्व में तीसरे दिन यात्रा ज्वालापुर विधानसभा के ग्राम रणसूरा, बोडाहेड़ी, सहदेवपुर, आदमपुर, रोहलकी पहुंची। हरीश रावत ने ग्राम सहदेवपुर स्थित गुरुद्वारे में माथा टेका और लंगर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि यात्रा का मकसद लोगों के दिलों को जोड़ना है। देश को आजाद करने में सभी धर्म के लोगों का योगदान रहा। विधायक रवि बहादुर ने कहा कि बीजेपी सरकार की नाकामियों और आपसी भाईचारे को तोड़ने के खिलाफ भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है। जिला पंचायत चुनाव में सरकार द्वारा जीते हुए प्रत्याशियों पर दबाव बनाकर भाजपा में शामिल किया गया। जनता फिरकापरस्त ताकतों के खिलाफ सड़क पर उतर रही है। देश को बचाने की आवश्यकता है। विधायक फुरकान अहमद ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने अपने कार्यकाल में हरिद्वार जिले में बहुत विकास कार्य किया। हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सभी भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ रहे है। भाईचारा बचाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद, उस्मान अली रावत, कारी शहजाद, मो असजद, नोमान, मंसूर अली, तनुज चौहान, बलजीत सिंह, बलबीर सिंह, गुरुदेव सिंह, हाफिज यासीन, गुफरान अली, मुसर्रत अली, खलिल प्रधान, राजबीर सिंह चौहान, बीना कपूर, राव आफाक, विरेंद्र रावत, संतोष चौहान, हारून प्रधान, डा बीर सिंह, अनिल भास्कर, हिमांशु बहुगुणा, नितिन तेश्वर, मंजीत सिंह, प्रेम कीर्ति, गौरव शर्मा, सूरत सिंह, नीरज चौहान, सरबजीत सिंह आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

**धर्म–जाति के नाम पर बांटकर दिलों को तोड़ने का काम कर रही भाजपा सरकार : हरदा**

पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि राहुल गांधी टूटे दिलों को जोड़ने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। कहा कि भाजपा के राज में तेजी से महंगाई बढ़ रही है। महिलाओं पर अत्याचार भी लगातार हो रहे हैं।

भारत जोड़ो यात्रा के तहत जबरदस्तपुर जौरासी में सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व सीएम हरीश रावत ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लोगों को धर्म और जाति के नाम पर बांटकर दिलों को तोड़ने का काम कर रही है। कहा कि कांग्रेस के राज में गैस सिलेंडर 415 रुपये मिलता था। आज उसकी कीमत एक हजार रुपये से अधिक हो गई है। खाद्य तेलों के दाम बहुत बढ़ गए हैं। खाने–पीने के हर सामान के दाम बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि कांग्रेस के राज में गरीबों के लिए कई तरह की योजना चलाई गई थी। मौजूदा सरकार ने अधिकतर योजनाओं को बंद कर दिया है। इसके चलते गरीब जनता महंगाई से त्रस्त चल रही है। कलियर विधायक फुरकान अहमद, झबरेड़ा विधायक वीरेंद्र जाती ने कांग्रेस को और मजबूत करने की अपील की।

# प्रशासन के आदेश के बाद भी नहीं खुला बिष्ट गांव का रास्ता

देहरादून। बिष्ट गांव में सरकारी रास्ता खुलवाने के लिए चक्कर काट रहे लोगों की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। प्रशासन की जांच में मौके पर एक व्यक्ति का कब्जा पाया गया। उसकी बल्लियां तो हटा दी गईं। फिर भी वह लोगों को आवाजाही नहीं करने दे रहा है। बिष्ट गांव में एक आम रास्ते पर एक व्यक्ति ने कब्जा किया हुआ है। आरोप है कि उसने बांस के लक्कड़ लगाकर रास्ता रोक दिया। लोगों ने शिकायत की तो पटवारी रविकांत धानिया ने मौके पर जांच की। इस दौरान सरकारी रास्ते पर कब्जा पाया गया। उन्होंने रिपोर्ट एसडीएम को दी तो बीते 31 अक्तूबर को मौके से कब्जा हटवाया गया। साथ ही एसडीएम सदर की तरफ से राजपुर थाना पुलिस को रिपोर्ट भेजी गई। जिसमें एसडीएम ने आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई का निर्देश दिया। बिष्ट गांव के ग्राम प्रधान सोहन सिंह, स्थानीय निवासी शमशेर सिंह, सूरत सिंह, राकेश कुमार, बिजेंद्र का कहना है कि मौके पर बल्लियां तो हट गई। लेकिन मार्ग में जगह–जगह गड्ढे कर दिए गए हैं। इससे लोग आवाजाही नहीं कर पा रहे हैं। लोगों ने आवाजाही के लिए रास्ता समतल कराने और झाड़ियां कटवाने की कोशिश की। आरोप है कि इस दौरान भी कब्जा करने वाले ने विवाद किया। लोगों की मांग है कि प्रशासन और पुलिस मौके पर रास्ता खुलवाने में मदद करें। ताकि, लोगों की आवाजाही सुलभ हो सके।

# नाटक मंचन के पहले दिन श्रीकृष्ण लीला की कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी

रुद्रप्रयाग : नाटक मंचन कमेटी सारी के सहयोग से सात दिवसीय नाटक मंचन का विधिवत शुभारंभ हो गया है। नाटक मंचन के पहले दिन श्रीकृष्ण जन्म लीला की कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। जिसका ग्रामीणों ने देर रात तक आनंद उठाया। नाटक मंचन का यह कार्यक्रम 29 नवम्बर तक चलेगा।तुंगनाथ घाटी के पर्यटक गांव सारी में सात दिवसीय नाटक मंचन को लेकर सुबह पुजारी अजय मैठाणी ने नाटक मंचन स्थल की पूजा, हनुमान चालीसा गायन के साथ ही हनुमान ध्वज स्थापित किया। कार्यक्रम के निर्विघ्नन संपंन व सफलता के लिए हनुमान के पश्वा, क्षेत्र रक्षक भूतनाथ, मां देवी भगवती अवतरित कर उनका आशीर्वाद लिया गया। बुधवार रात्रि को सात दिवसीय नाटक मंचन के पहले दिन श्रीकृष्ण जन्म लीला का भव्य मंचन किया गया। जिसमें गांवों के कलाकरों ने जोरदार प्रस्तुतियां देकर ग्रामीणों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों के अच्छे अभिनय पर देर रात तक पंडाल तालियों से गूंजता रहा। 24 नवम्बर को गढ़वाली में उषा अनिरुद्ध की लीला, 25 नवम्बर को अंगद-रावण संवाद, 26 नवम्बर को गढ़वाली में कृष्ण-सुदामा लीला का मंचन, 27 नवम्बर को भक्त प्रह्लाद, 28 नवम्बर को शकुन्तला–दुश्यंत लीला एवं 29 नवम्बर को श्रवण कुमार का नाटक मंचन किया जाएगा।

## बैंक सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं : सीडीओ

देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान ने विकास भवन सभागार में विभागों और बैंक के प्रबंधकों के साथ बैठक की। सीडीओ झरना कमठान ने अधिकारियों को योजनाओं की प्रगति बढ़ाने और बैंक को विशेष अभियान चलाते हुए लाभार्थियों के बैंक खाते खुलवाने के निर्देश दिए।

बैंकों को नवंबर तक लंबित प्रकरण निपटाने को कहा। उन्होंने बैंको को शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो बैंक शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैंकों के बैठक में प्रतिभाग नहीं करने पर भी नाराजगी जताई।

# महाराज ने अधिकारियों को दिया विकास का मंत्र

## योजनाओं की सफलता, असफलता देखने क्षेत्र में जाएं अधिकारी

चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज।

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : चिंतन शिविर को उत्तराखंड के विकास की महत्वपूर्ण पहल बताते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रशंसा करते हुए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि इस शिविर के आयोजन से नौकरशाह तथा सरकार के बीच सीधे-सीधे संवाद कायम हुआ है। चिंतन शिविर में अधिकारियों को संबोधित करते हुए श्री महाराज ने कहा कि अधिकारियों को योजनाओं की सफलता-असफलता देखने के लिए क्षेत्र में भी जाना चाहिए ताकि उन्हें वस्तुस्थिति का पता चल सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की दृष्टिगत शासनादेशों का अनुपालन सही ढंग से होना चाहिए। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी मसूरी में चिंतन शिविर के अंतिम दिन गुरुवार को प्रदेश के काबीना मंत्री सतपाल महाराज ने अधिकारियों को विकास का मंत्र देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की इस पहल से नौकरशाह और सरकार के बीच सीधे-सीधे संवाद कायम हुआ है। उन्होने कहा कि इन 3 दिनों में राज्य के विकास हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रकाश में आए हैं जिन पर भविष्य में कार्य योजना बनाई जानी चाहिए। कैबिनेट मंत्री श्री महाराज ने ह्लरोको मत जाने दोह्ल के द्विअर्थी वाक्य का उदाहरण देते हुए कहा कि विकास कार्यों के मामले में ऐसे वाक्यों का सही इस्तेमाल जनता के हित में निर्णय लेने के होना चाहिए ना कि काम में अवरोध पैदा करने के लिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाना चाहिए। जनसमस्याओं के निस्तारण में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। फाइलों को उलझाने की परंपरा विकास कार्यों को बाधित करती है। उन्होंने मंत्रियों की एसीआर लिखने के विषय को स्पष्ट करते हुए कहा कि जिस प्रकार से आप अपने से नीचे के अधिकारियों की एसीआर लिखते हैं उसी प्रकार मंत्री भी चाहते हैं कि वह भी अधिकारियों के कार्य के आधार पर उनकी एसीआर लिखें। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि चारधाम यात्रा के साथ साथ हमें शीतकालीन टूरिज्म को बढ़ावा दिए जाने के विषय में कार्य योजना बनाने और प्रदेश को वेडिंग डेस्टिनेशन बनाए जाने के लिए गंभीरता से काम करना चाहिए। इस प्रकार के कार्यों से यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस बार चारधाम यात्रा पर 46 लाख से अधिक तीर्थयात्री उत्तराखंड आए हैं और भविष्य में यह संख्या और अधिक बढ़ने की संभावना है। ऐसी स्थिति में जो यात्री दिल्ली, मुंबई या अन्य दूरस्थ क्षेत्रों से सीधे पहाड़ों पर चढ़ रहे हैं उनको रास्ते में विश्राम करवाने के विषय में भी हमें सोचना चाहिए, ताकि चारधामों पर अनावश्यक दबाव को कम किया जा सके और यात्री भी स्वस्थ रहकर अपनी यात्रा को सुगमता से कर सके।

## एक नजर

### ग्रामीणों को दी बैंकिंग योजनाओं का जानकारी

विकासनगर। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से गुरुवार को भीमावाला गांव में एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही ग्रामीणों को बैंक की योजनाओं का लाभ लेने को प्रेरित किया गया। विकासनगर शाखा के प्रबंधक दया शंकर ने बताया कि बैंक द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसमें अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना, यूनियन मुस्कान योजना समेत किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। नीरज नौटियाल ने बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न वित्तीय समावेशन की योजनाओं की जानकारी दी। इसके साथ ही दुर्घटना बीमा, किसान कार्ड, सुकन्या योजना, मोबाइल इंटरनेट बैंकिंग और आनलाइन लेनदेन के बारे में बताया। बैंक के अफसरों ने कहा कि यदि पूर्व में लिए गए ऋण का समय पर भुगतान किया जाए तो आगे भी आसानी से ऋण मिल जाता है। विभिन्न बजत और निवेश योजनाओं का लाभ उठाने की भी अपील की गई।

### बिरुड़ी पर्व पर पंचायती आंगनों में बिखरी लोक संस्कृति की छटा

विकासनगर। जौनसार बावर क्षेत्र में इन दिनों बूढ़ी दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। बुधवार से शुरू हुए पर्व के दूसरे दिन गुरुवार को बड़ी होलियात के साथ बिरुड़ी मनाई गई। ग्रामीणों ने पंचायती आंगन मे हारूल गीतों पर जमकर नृत्य करते हुए दिवाली का लुत्फ उठाया ।

क्षेत्र के ठाना, टुंगरा, रिखाड़, बिरमऊ नगऊ मागटी, नागथात, बिसोई, मंगरोली, क्वरना, डकियारना, निथला, बिसोई, हयो,टगरी अस्टाड, गडौल, कचटा, लखवाड़, लकसियार, दुइना, सिला, रामपुर, जिसऊ भंजरा, सुरेऊ सकनी, कनबुआ, अलसी, ककाड़ी, उभरेऊ मंडोली, लेल्टा, पाटा आदि सैकड़ों गांवों में दीपावली का जश्न ग्रामीणों ने जमकर मनाया।

# क्रास कन्ट्री दौड़ में दिगम्बर और बबीता ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : साम्प्रदायिक सद्भावना अभियान सप्ताह के अवसर पर गुरूवार को खेल विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली के संयुक्त तत्वाधान में अण्डर-17 आयुवर्ग के बालक एवं बालिकाओं की क्रास कन्ट्री दौड आयोजित की गई। पीस पब्लिक स्कूल के दिगम्बर कुंवर और जीआईसी हरगढ की बबीता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सिविल जज (सी0डि0)/सचिव सिमरनजीत कौर एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट उपाधि सिंघल ने क्रॉस कन्ट्री दौड का शुभारंभ किया। बालक वर्ग में 81 बालकों ने प्रतिभाग किया। पीस पब्लिक स्कूल के दिगम्बर कुंवर ने प्रथम, जीआईसी बैरागना के राहुल राणा एवं रोहित राणा ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय, जीआईसी गोपेश्वर के चन्दन सिंह ने चतुर्थ एवं जीआईसी ग्वाड देवलधार के अभिषेक ने पंचम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में 121 बालिकाओं ने प्रतिभाग कर किया। जीआईसी हरगढ की बबीता ने प्रथम, जीआईसी बैरागना की ईशा वर्त्वाल ने द्वितीय, जीआईसी डुग्री मैकोट की टैमी ने तृतीय स्थान, जीआईसी गणाई मोल्टा की महिमा ने चतुर्थ, जीआईसी आदिबद्री की काजल ने पंचम स्थान प्राप्त किया। दौड में प्रथम से पंचम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को जिला न्यायाधीश नरेन्द्र दत्त एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सचिन कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र उत्तराखण्ड बालीवाल एशोशिएशन चमोली एवं जिला सेवा विधिक प्राधिकरण चमोली के सौजन्य से प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त प्रथम से पंचम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को बार एसोसिएशन चमोली द्वारा पांच-पांच सौ का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर बार संघ अध्यक्ष भरत सिंह रावत, सचिव संदीप रावत, मुख्य शिक्षाधिकारी कुलदीप गैरोला, प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह रावत, खेल विभाग के सीएओ विक्रम सिंह चौधरी, जिला बालीवाल संघ के अध्यक्ष अशोक रावत, एनएस नेगी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सभी कर्मचारी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पृथ्वी रावत ने किया।

## वारंटी अपर सहायक अभियंता को कोटद्वार से किया गिरफ्तार

टिहरी : जनपद में जालसासी के बाद में फरार चल रहे वारंटी को टिहरी पुलिस ने कोटद्वार से गिरफ्तार किया है। वारंटी पुष्कर सिंह नेगी पुत्र बलबीर सिंह नेगी घनसाली लघु सिंचाई विभाग में अपर सहायक अभियंता है।

पुलिस की मीडिया सेल ने प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारियों को लेकर पुलिस एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देश पर तेजी से काम कर रही है। जिस क्रम में हिण्डोलाखाल पुलिस ने बीते दिवस वारंटी पुष्कर सिंह नेगी पुत्र बलवीर सिंह नेगी निवासी शिबुनगर कोटद्वार जनपद पौड़ी गढ़वाल (अपर सहायक अभियंता लघु सिंचाई उपखण्ड घनसाली) को गिरफ्तार किया।

# वीडियोग्राफी प्रतियोगिता में रुद्रप्रयाग पुलिस अव्वल

रुद्रप्रयाग : हरिद्वार में आयोजित वीडियोग्राफी प्रतियोगिता में रुद्रप्रयाग पुलिस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। पुलिस टीम की सफलता पर पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने बधाई दी है। साथ ही भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद जताई।

उत्तराखंड राज्य बनने के बाद से ही उत्तराखंड पुलिस कार्मिकों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ हर वर्ष समय-समय पर खेले एवं अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित होती है। इसी के चलते पुलिस मुख्यालय द्वारा वार्षिक खेल कैलेंडर जारी करते हुए संबंधित जनपद व पीएसी वाहिनियों को खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

इसी के चलते जनपद हरिद्वार की पुलिस लाइन रोशनाबाद में 20वीं प्रादेशिक अन्तर जनपदीय/वाहिनी पुलिस वैज्ञानिक अनुसंधान, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, कम्प्यूटर, एन्टी सबोटाज एवं डाग स्क्वाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस की टीम द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। वीडियोग्राफी प्रतियोगिता के टीम इवेंट में जनपद रुद्रप्रयाग के उपनिरीक्षक आशुतोष चौहान एवं उपनिरीक्षक सतीश चन्द्र शाह द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है।

# 27 नवंबर हो धूमधाम से मनाया जाएगा खलंगा मेला

देहरादून। बलभद्र खलंगा विकास समिति नालापानी की ओर से खलंगा मेला 27 नवंबर हो धूमधाम से मनाया जाएगा। समिति ने मेले की भव्य तैयारियां शुरू कर दी है। यह 48वां खलंगा मेला होगा। समिति अध्यक्ष कर्नल विक्रम सिंह थापा दून में प्रेसवार्ता में बताया कि गोरखा सेनानायक कुंवर बलभद्र थापा, उनके वीरों और वीरांगनाओं ने 1814–16 में अपने से कई गुना अधिक शक्तिशाली ब्रिटिश सेना के एक के बाद एक कई आक्रमणों विफल कर दिए थे। उनकी वीरता तथा अदम्य पराक्रम को याद कर प्रतिवर्ष श्रद्धांजलि देने के लिए इस मेले का आयोजन किया जाता है। मुख्य सचिव प्रभा शाह ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन का शुभारंभ शनिवार 26 नवंबर को सर्वप्रथम खलंगा युद्ध स्मारक सहस्त्रधारा रोड में सुबह 6:45 बजे श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ होगी। स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन एवं स्वच्छता के संदेश के साथ प्रातः 7 बजे बहादुरी साइकिल रैली निकाली जाएगी। प्रातः 10:30 बजे से श्री चन्द्रायनी माता मंदिर, नालापानी में पूजन, हवन, कीर्तन और भंडारे का आयोजन होगा। रविवार 27 नवंबर को सुबह 7 बजे खलंगा युद्ध स्मारक, सहस्त्रधारा रोड से खलंगा वीरता पदयात्रा (खलंगा ब्रेवरी वॉक) का शुभारंभ होगा। समापन खलंगा युद्ध कीर्ति स्तंभ नालापानी में समापन होगा। 11 बजे से सागरताल नालापानी में 48वां खलंगा मेला प्रारंभ होगा। गोर्खाली, गढ़वाली एवं कुमाउनी लोकनृत्यों एवं गीतों की रंगारंग प्रस्तुतियां, लजीज गोर्खाली व्यंजनों का स्टॉल गोर्खाली परिधानों, आभूषणों के स्टाल, लक्की ड्रा मुख्य, वन भोज आकर्षण का केंद्र होंगे। प्रेसवार्ता में बलभद्र खलंगा विकास समिति नालापानी, के अध्यक्ष कर्नल विक्रम सिंह थापा, गोर्खाली सुधार सभा अध्यक्ष पदम सिंह थापा, समिति उपाध्यक्ष विनय गुरूंग, सांस्कृतिक सचिव कै.वाईबी. थापा, मुख्य सलाहकार लेक. सीबी थापा, डीएस खड़का, दीपक कुमार बोहरा, पूर्व सचिव जितेंद्र खत्री, रणवीर सिंह थापा, अशोक बल्लभ शर्मा, शेरजंग राना, अनिल थापा, मणिलाल गिरि, सुनीता गुरुंग, नीरा थापा, राजेंद्र शाह उपस्थित थे।

## डोईवाला चीनी मिल में गन्ने का पेराई सत्र शुरू

ऋषिकेश। डोईवाला चीनी मिल के पेराई सत्र का पूजा–अर्चना कर उद्घाटन किया गया। गन्ना मंत्री सौरव बहुगुणा ने कहा कि सरकार चीनी मिलों को घाटे से उबारने के लिए लगातार प्रयासरत है। किसानों को चाहिए कि वह मिल को घाटे से उबारने के प्रयासों में सहयोग करें। इस सत्र में 32 लाख कुंतल गन्ने की पेराई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

गुरुवार को डोईवाला चीनी मिल में पेराई सत्र का शुभारंभ गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा, वित्तमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, विधायक बृजभूषण गैरोला ने किया। गन्ना मंत्री ने कहा कि गन्ने की अच्छी रिकवरी हो और घाटे में चल रही मिलों को उबारने के लिये वह हरसंभव कोशिश कर रहे है।

# कब्रिस्तान पर कब्जे के खिलाफ यूकेडी ने किया प्रदर्शन

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने कब्रिस्तान पर भू माफियाओं के कब्जे के खिलाफ गांधी पार्क में प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करते हुए कब्जे हटाने की मांग की।

कारगी क्षेत्र के निवासी यूकेडी के बैनर तले गांधी पार्क के बाहर हाथों में नारे वाली तख्तियां लिए पहुंचे और शासन प्रशासन पर भू माफिया से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए नारेबाजी करने लगे। उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि कारगी ग्रांट स्थित कब्रिस्तान के बाद सचिवालय आवास सहकारी समिति के नाम पर एक हाउसिंग सोसायटी बनाई है। सोसाइटी के पदाधिकारी भू माफिया के साथ मिलकर जबरन कब्रिस्तान तथा आसपास के लोगों की जमीनों को कब्जा कर रास्ता बना रहे हैं। जबकि रास्ते के लिए उन्हें कोई भूमि आवंटित नहीं हुई है। गुलिस्ता खानम ने कहा कि उनकी कहीं भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। यूकेडी महिला मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष सुलोचना इस्टवाल, उपाध्यक्ष उत्तरा पंत बहुगुणा ने हाउसिंग सोसाइटी के लिए पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। इस्लाम और आफताब ने पुलिस पर पिटाई का आरोप लगाया। प्रदर्शन में शकील, दिलशाद, उस्मान, नवाब, शमशाद, सत्तार, जावेद, रिजवान, आलम, शाहबाज, गुलफाम आदि शामिल थे।

# विधायक पुंडीर ने किया गणेशपुर में 11 लाख से अधिक की लागत से बनने वाले संपर्क मार्ग का भूमि पूजन

विकासनगर। गणेशपुर के बाशिंदों को जल्द ही यातायात की बेहतर सुविधा मिलेगी। सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर ने गुरुवार को 11 लाख से अधिक की लागत से बनने वाले संपर्क मार्ग के लिए भूमि पूजन किया। विधायक पुंडीर ने बताया कि इंटरलॉकिंग टाइल्स मार्ग बनने से गणेशपुर की बड़ी आबादी को बेहतर यातायात की सुविधा मिलेगी। यहां संपर्क मार्ग काफी खस्ताहाल हो चुका था, जिससे आवागमन में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बताया कि 111.71 लाख की लागत से संपर्क मार्ग का निर्माण एमडीडीए द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को समय पर निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश देते हुए कार्य गुणवत्ता बनाए रखने को कहा। कहा कि एक बार बनी सड़क करीब बीस साल तक आवागमन के लिए उपयुक्त रहनी चाहिए। लिहाजा निर्माण कार्य में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सहसपुर ने जीता फुटबाल का खिताब

विकासनगर। शंकरपुर मिनी स्टेडियम में चल रहे ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ के तहत गुरुवार को अंडर–17 बालक वर्ग फुटबॉल के मुकाबले संपन्न हुए। पहले मैच में एचएफसी सहसपुर ने जेएनवी अकादमी को 5–0 के अंतर से हराया। दूसरा मुकाबला एसजीआरआर इंटर कॉलेज सहसपुर और विद्या स्थल चिल्ड्रन अकादमी के बीच खेला गया। इसमें एसजीआरआर ने 1–0 के अंतर से जीत दर्ज की। तीसरे मैच में सेलाकुई ने कासा फुटबाल अकादमी को 3–1 के अंतर से हराया। फाइनल मुकाबले में सहसपुर और सनातन एफसी की टीम आमने सामने थीं। सहसपुर ने 3–1 के अंतर से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया, जबकि सेलाकुई की टीम तीसरे स्थान पर रही।

# बैठक में की किसानों की समस्याओं पर चर्चा

विकासनगर। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की बरोटीवाला में हुई बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही केंद्र और प्रदेश सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए 26 नवंबर को देहरादून में आयोजित महापंचायत को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई।गुरुवार को भाकियू के जिला संरक्षक जगदीश शर्मा के आवास पर गुरुवार को संपन्न हुई बैठक में वक्ताओं ने भाजपा सरकार को किसान विरोधी करार दिया। भाकियू के गढ़वाल मंडल संगठन मंत्री पविंदर चौधरी ने कहा कि इस बार पछुवादून में धान की फसल रोग की चपेट में आने से बर्बाद हो गई, जिससे किसान कर्ज में डूब गया है। सरकार ने किसानों की कोई आर्थिक सहायता नहीं दी है। कहा कि हर साल पछुवादून में सैकड़ों बीघा जमीन बाढ़ की भेंट चढ़ जाती है।

# बांग्लादेश वनडे सीरीज से बाहर हुए जडेजा

मुंबई ,भारत के अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और युवा तेज गेंदबाज यश दयाल बांग्लादेश के खिलाफ दिसंबर में होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने यह जानकारी दी।बीसीसीआई ने बताया कि इन दोनों खिलाडिय़ों के स्थान पर तेज गेंदबाज कुलदीप सेन और हरफनमौला शाहबाज अहमद को टीम में तलब किया गया है। कुलदीप और शाहबाज़ को इससे पहले 25 नवंबर से ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में नामित किया गया था, हालांकि अब वे बांग्लादेश जाने वाली टीम का हिस्सा होंगे। न्यूजीलैंड में एकदिवसीय टीम में इनकी जगह किसी को शामिल नहीं किया गया है। दूसरी ओर, दयाल को पीठ के निचले हिस्से में समस्या के कारण बंगलादेश दौरे से बाहर कर दिया गया है, जबकि जडेजा अभी तक अपने घुटने की चोट से उबर नहीं पाए हैं। बीसीसीआई ने कहा कि जडेजा बोर्ड की मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे। बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिए जडेजा के उपलब्ध होने पर बोर्ड ने कोई जानकारी नहीं दी। न्यूजीलैंड वनडे के लिए भारतीय टीम : शिखर धवन (कप्तान), शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर, उमरान मलिक

बांग्लादेश वनडे के लिए भारतीय टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), शिखर धवन, विराट कोहली, रजत पाटीदार, श्रेयस अय्यर, राहुल त्रिपाठी, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), इशान किशन, शाहबाज़ अहमद, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर, कुलदीप सेन

चयनकर्ताओं ने बांग्लादेश ए के खिलाफ दो चार दिवसीय मैचों के लिए भारत ए टीम का भी चयन किया है।

पहले चार दिवसीय मैच के लिए भारत ए टीम : अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), रोहन कुन्नुमल, यशस्वी जायसवाल, यश ढुल, सरफराज खान, तिलक वर्मा, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), सौरभ कुमार, राहुल चाहर, जयंत यादव, मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, अतीत सेठ

दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए इंडिया ए टीम : अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), रोहन कुन्नुमल, यशस्वी जायसवाल, यश ढुल, सरफराज खान, तिलक वर्मा, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), सौरभ कुमार, राहुल चाहर, जयंत यादव, मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, अतीत शेठ, चेतेश्वर पुजारा, उमेश यादव, केएस भरत

## फीफा वर्ल्ड कप का दूसरा बड़ा उलटफेर, जापान ने 4 बार की चैम्पियन जर्मनी को दी मात

नई दिल्ली , कतर की मेजबानी में खेले जा रहे फीफा वर्ल्ड कप 2022 सीजन में दूसरा बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। जर्मनी और जापान के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। मैच में जापान ने जर्मनी को 2-1 से करारी शिकस्त देते हुए धमाकेदार अंदाज में जीत दर्ज की। जर्मनी ने 4 बार वर्ल्ड कप (1934, 1938, 1982, 2006) खिताब जीता है।

मैच का पहला हाफ जर्मनी ने अपने नाम किया। उसने पहले हाफ में 1-0 की बढ़त बनाई थी। जबकि दूसरे हाफ में जापान ने दमदार खेल दिखाया और दो गोल दागते हुए 2-1 से मैच अपने नाम कर लिया। फीफा की रैंकिंग में जर्मनी की टीम 11वें नंबर पर है, जबकि जापान की टीम 24वें नंबर पर है।

# हमें खुद को संभालना होगा : अर्जेंटीना के बॉस स्कालोनी

लुसैल ,अर्जेंटीना के मैनेजर लियोनेल स्कोलोनी ने कहा कि उनकी टीम 2022 फीफा विश्व कप के अपने शुरूआती मैच में सऊदी अरब से 2-1 से हार के बावजूद सकारात्मक सोच रखेगी। दो बार के विश्व चैंपियन ने अपने ग्रुप सी अभियान की सही शुरूआत के लिए ट्रैक पर रहने पर विचार कर रहे थे, जब लियोनेल मेसी ने लुसैल स्टेडियम में शुरूआती पेनल्टी को गोल में बदल दिया था।

लेकिन सालेह अल-शेहरी और सलेम अल-दोसारी ने दूसरे हाफ में गोल करके सऊदी अरब को दक्षिण अमेरिकी टीम पर अपनी पहली जीत दिलाई। स्कालोनी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारे पास खुद को संभालने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। यह एक दुखद दिन था, लेकिन हमें बेहतर करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। स्कालोनी ने कई चूके हुए अवसरों पर निराशा जताई, यह इंगित करते हुए कि उनकी टीम खेल को हाफटाइम तक अपने पाले में कर सकती थी। अर्जेंटीना ने शुरूआती 45 मिनट में लुटारो मार्टिनेज (दो बार) और लियोनेल मेसी के साथ तीन गोल करने से इनकार कर दिया, क्योंकि सऊदी अरब ने एक उच्च डिफेंसिव लाइन तैनात की थी।स्कोलोनी ने कहा, पहला हाफ हमारा था और उन आफसाइड स्थितियों में आसानी से गोल हो सकते थे। दूसरे हाफ में, उन्होंने हम पर दबाव बनाया। हम बाद में इसका बेहतर विश्लेषण करेंगे। खिलाड़ी परिणाम से निराश हैं, लेकिन हम जानते हैं कि हम स्थिति को बदल सकते हैं। अंतिम 16 के दौर में आगे बढऩे के लिए अर्जेंटीना को अपने अंतिम दो ग्रुप मैच शनिवार को मैक्सिको और पोलैंड के खिलाफ जीतने होंगे।

# तेलंगाना के निशांत भूक्या व ओडिशा की तन्वी पात्री ने जीता एकल खिताब

लखनऊ , ओडिशा की तन्वी पात्री ने योनेक्स सनराईज 34वीं सब जूनियर अंडर -13 नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप-2022 में बालिका एकल के फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश की दिव्यांशी गौतम को सीधे गेम में 21-7, 21-10 से मात देकर बालिका नेशनल चैंपियन होने का गौरव हासिल किया।बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी के बैडमिंटन हाल में खेले गए फाइनल मुकाबलों में चौथी वरीय तेलंगाना के निशांत भूक्या ने बालक एकल खिताब जीता। इसके बाद खेले गए युगल मुकाबलों मे तमिलनाडु की लक्ष्य एनडी व दीक्षा एसआर ने बालिका और मणिपुर के मार्टिन इनगुदम व रिशव नागनोम ने युगल खिताब जीता।बालिका एकल के 22 मिनट चले फाइनल मुकाबले में आठवीं वरीय तन्वी को यूपी की अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ बेहतर फिटनेस का फायदा मिला। दोनों ही खिलाडिय़ों की यह पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप थी जिसमें तन्वी ने पहला गेम आसानी सें 21-7 से जीत लिया। तन्वी ने 14-5 की बढ़त बनाने के बाद गेम में दबदबा बनाये रखा और आसानी से लगातार छह अंक जुटाए लेकिन अगली ही सर्विस पर दिव्यांशी ने गेम प्वाइंट बचाते हुए स्कोर किया।

तन्वी ने जीत के बाद खुशी जताते हुए कहा मुझे अपनी पहली नेशनल चैंपियनशिप में ही नेशनल खिताब जीतने की खुशी है और मैने फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अब मेरा ध्यान आगामी टूर्नामेंटों पर है।

तन्वी ने इससे पहले इसी साल अंडर-13 आयु वर्ग के दो नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट खेले थे जिसमें मुंबई रैंकिंग नेशनल में पहला स्थान और हैदराबाद रैंकिंग टूर्नामेंट में दूसरा स्थान हासिल किया था।

## सीआईएसएफ ने गढ़वाल को रौंदा

नयी दिल्ली ,सीआईएसएफ प्रोटेक्टर ने फुटबाल दिल्ली सीनियर डिवीजन लीग में गढ़वाल डायमंड को 5-1 से हराकर अंक तालिका में सवीच्च स्थान अपने पास रखा।

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में विजेता टीम के लिए इमरान ने दो और शक्ति, संतोष और मनिंदर ने एक-एक गोल किया। पराजित टीम का गोल थिओप्लस ने जमाया।

सीआईएसएफ की जीत का अंतर और बड़ा हो सकता था लेकिन गढ़वाल के गोलकीपर तमाल नसकर ने कई अवसरों पर सुंदर बचाव किये। इस नतीजे के दम पर सीआईएसएफ 25 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है।

सीनियर डिवीजन लीग में गुरुवार को खेले जाने वाले मैचों में नेशनल यूनाइटेड को सिटी एफसी का जबकि जगुआर को यंगमेन एफसी का सामना करना है।

# कायर खिलाडियों पर बरसे लैंगर

मेलबर्न ,ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कोच जस्टिन लैंगर ने मीडिया में कोचिंग को लेकर शिकायत करने वाले टीम के 'कायर' खिलाडिय़ों को फटकार लगायी।लैंगर ने बैकचैट पॉडकास्ट पर कहा, सभी मेरे सामने अच्छा व्यवहार कर रहे थे, लेकिन मैं साथ ही अखबार भी पढ़ रहा था और अपने बच्चों की कसम, आधे से ज्यादा चीजों पर विश्वास करना मुश्किल है। कई पत्रकार 'सूत्र' शब्द का प्रयोग करते हैं। मैं कहता हूं कि उस शब्द को बदलकर 'कायर' कर देना चाहिये।

उल्लेखनीय है कि टी20 विश्व कप 2021 से पहले कई मीडिया रिपोर्टों में सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया था कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी लैंगर के कोचिंग के तरीके से नाराज हैं।

उन्होंने कहा, सूत्रों का क्या मतलब होता है? या तो उन्हें किसी से कुछ परेशानी है और वे आकर इसे आपके सामने नहीं कहेंगे, या वे सिर्फ अपने एजेंडे के लिए चीजें लीक कर रहे हैं। मुझे इससे नफरत है।उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया को 2021 में पहला टी20 विश्व कप जिताने और एशेज़ 2021 में दमदार विजय के बावजूद उनका कार्यकाल न बढ़ाया जाना उनके लिये हैरान करने वाला था।

लैंगर का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व और वर्तमान खिलाडिय़ों के बीच मनमुटाव बढ़ता जा रहा है। कई खिलाडिय़ों का मानना है कि टीम को अपने कोच के साथ खड़े रहना चाहिये था।

उन्होंने कहा कि वह ज्यादा 'भावुक' कोच नहीं थे और कई खिलाडिय़ों को उन्हें समझने में भूल हुई। उन्होंने कहा कि कई मैचों में हार मिलने के बाद ड्रेसिंग रूम में उनकी खामोशी का गलत मतलब निकाला गया और ऑस्ट्रेलिया की सफलता के लिये उन्हें बेहतर परिणाम मिलने चाहिये थे।लैंगर ने छह महीने के अनुबंध विस्तार की पेशकश के बाद फरवरी में कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था।

## फिल्मी गपशप

# पहली बार आशिकाना 2 में मिताली नाग ने निभाई नकारात्मक भूमिका

मिताली नाग, तेजस्विनी रायजादा के रूप में वेब सीरीज आशिकाना 2 में एंट्री करने वाली है। इसमें मिताली नाग नकारात्मक भूमिका निभाएंगी। इसको लेकर अभिनेत्री ने अपने विचार साझा किए हैं। उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा, मैं टीवी पर नकारात्मक भूमिकाएं लेने के बारे में हमेशा सतर्क रही हूं।

जब कास्टिंग डायरेक्टर, डिंपी ने मुझे इस भूमिका के लिए बुलाया, तो उन्होंने जोर देकर कहा कि मैं इसे करने या न करने का फैसला करने से पहले पूरी बात सुन लूं क्योंकि यह एक रेगुलर वैम्प नहीं है। गुल खान जी से संक्षिप्त जानकारी सुनने के बाद, जो न केवल निर्माण कर रहे हैं बल्कि श्रृंखला भी लिख रहे हैं, मैंने प्रस्ताव स्वीकार कर लिया।

मिताली दिल की नजर से खूबसूरत, गुम है किसी के प्यार में, इस प्यार को क्या नाम दूं सहित कई टीवी शो का हिस्सा रही हैं। अब अभिनेत्री आगामी एपिसोड्स के साथ एक नकारात्मक चरित्र के रूप में वेब श्रृंखला में प्रवेश करती नजर आएंगी। उन्होंने आगे कहा, लेकिन यह चुनौतीपूर्ण है।

मैं कभी इतनी नर्वस नहीं हुई। किसी भी परियोजना के पहले कुछ दिन हमेशा अहम होते हैं। हम टीम के साथ ढल रहे हैं, हम चरित्र में उतर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि मैं इसे पूरा कर लूंगी। हालांकि, इस बार दबाव अधिक है। लेकिन मैं पूरी ईमानदारी के साथ तेजस्विनी की अपनी पहली नकारात्मक भूमिका निभाने की कोशिश करने जा रही हूं और मुझे उम्मीद है कि दर्शक उन कार्यों से परे देखें जो वह करती हैं और उन्हें करते समय एक अभिनेत्री के रूप में मेरे प्रयासों की सराहना करें।

हालांकि, करियर के नजरिए से, यह किरदार इस समय उनके लिए मायने रखता है। वह आगे कहती हैं, मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति की भूमिका निभाने के तुरंत बाद एक नकारात्मक किरदार निभाना निश्चित रूप से मुझे एक अभिनेत्री के रूप में दर्शकों को अपनी सीमा दिखाने में मदद करेगा।

एक अभिनेत्री के रूप में, मेरे लिए तेजस्विनी की भूमिका निभाना एक चुनौती होने वाली है।अपने किरदार पर प्रकाश डालते हुए मिताली ने कहा, मेरा किरदार एक शिक्षित, स्टाइलिश, सेक्सी लडक़ी का है, जो जानती है कि उसे क्या चाहिए और वह उसे पाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

लेकिन ध्यान रहे, वह किसी का प्यार नहीं चाहती।उन्होंने आगे कहा, मैंने वास्तव में पिछले सीजन का अनुसरण नहीं किया है। लेकिन मैंने सीजन 2 का पहला एपिसोड देखा। और मुझे यह पसंद आया। यह बहुत मनोरंजक था। इसके अंत तक, मैं अगला एपिसोड देखना चाहती थी।

और वास्तव में, मैं इसे अभी देख रही हूं। पुरुष और महिला लीड की केमिस्ट्री हमेशा किसी भी प्रोजेक्ट की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। और यश और चिक्की की केमिस्ट्री स्क्रीन पर बहुत अच्छी है। मैं उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।अभी शूटिंग शुरू हुई है और उम्मीद करती है कि बाकी की शूटिंग सुचारू रूप से चले। गुल खान द्वारा निर्देशित वेब सीरीज आशिकाना 2 डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

# गोविंदा नाम मेरा की ओटीटी रिलीज डेट जारी, 16 दिसंबर को हॉटस्टार पर आएगी फिल्म

हाल में खबर आई थी कि अभिनेता विक्की कौशल की फिल्म गोविंदा नाम मेरा सीधे डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। फिल्म 16 दिसंबर को हॉटस्टार पर दर्शकों के लिए उपलब्ध हो जाएगी। निर्देशक शशांक खैतान ने फिल्म का निर्देशन किया है। जाने-माने फिल्म निर्माता करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस ने इस फिल्म के निर्माण की जिम्मेदारी संभाली है।

विक्की ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म की प्रीमियर की तारीख का ऐलान किया है। उन्होंने फिल्म से अपने लुक को शेयर करते हुए लिखा, गोविंदा नाम मेरा, नाचना काम मेरा। आ रहा हूं जल्द अपनी कहानी लेकर। गोविंदा नाम मेरा 16 दिसंबर से केवल डिज्नी+ हॉटस्टार पर प्रसारित होगी। इस फिल्म में विक्की के साथ भूमि पेडनेकर और कियारा आडवाणी भी अपने अभिनय का जौहर दिखाती नजर आएंगी।विक्की फिल्म में एक डांसर की भूमिका में दर्शकों से रूबरू होंगे। इसमें वह कॉमेडी के साथ-साथ रोमांस का तडक़ा लगाते हुए नजर आने वाले हैं। विक्की का कैरेक्टर गोविंदा बहुत मजेदार है। यह विक्की के करियर की पहली मसालेदार एंटरटेनर फिल्म है, जिसमें उनकी भूमिका संजीदा नहीं होगी। कियारा को फिल्म में विक्की की गर्लफ्रेंड के किरदार में देखा जाएगा, वहीं भूमि ने उनकी पत्नी की भूमिका निभाई है।

# आंध्र प्रदेश के गांव मारेदुमिली से जारी हुआ अल्लारी नरेश की आने वाली फिल्म का ट्रेलर

तेलुगु अभिनेता अल्लारी नरेश की मुख्य भूमिका वाली निर्देशक एआर मोहन की इत्लू मारेदुमिली प्रजानीकम की यूनिट ने फिल्म का ट्रेलर जारी किया है।दिलचस्प बात यह है कि, अभिनेता अल्लारी नरेश सहित फिल्म की पूरी यूनिट ने आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले के एक खूबसूरत गांव मारेदुमिली में ट्रेलर रिलीज करने का फैसला किया।इत्लू मारेदुमुल्ली प्रजानीकम अल्लारी नरेश के करियर की एक अलग तरह की फिल्म होगी, जो एक चुनाव अधिकारी के रूप में आदिवासी क्षेत्र का दौरा करने वाले एक सरकारी अधिकारी की भूमिका निभाता है।ट्रेलर में दिखाया गया है कि एक सरकारी अधिकारी अपनी टीम के साथ मारेदुमिली में चुनाव कराने के लिए पहुंच रहा है, जो पहाडिय़ों में एक दूरस्थ स्थान पर है।

पूरे राज्य को चुनाव का इंतजार है। इन परिस्थितियों में, सरकारी अधिकारी को वहां के लोगों की वास्तविक समस्याओं का पता चलता है।उन्हें पता चलता है कि उनके पास बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं और उन्हें पता चलता है कि वहां के लोग अपनी जान भी दे देते हैं। राजनेताओं, सरकारों और सरकारी कर्मचारियों को उनकी परवाह नहीं है।ऐसे में चुनाव अधिकारी उनकी मदद के लिए आगे आते हैं। हालाँकि, बिचौलिए, राजनेता और सरकारी अधिकारी तब चिढ़ जाते हैं जब उन्हें पता चलता है कि कोई लोगों की मदद कर रहा है।

# अजय देवगन की फिल्म भोला का टीजर जारी, फिर गंभीर अंदाज में दिखे अभिनेता

अजय देवगन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज दृश्यम 2 को लेकर चर्चा में हैं। इधर मंगलवार को उन्होंने अपनी अगली फिल्म भोला का टीजर भी जारी कर दिया है। भोला की भी लंबे समय से चर्चा थी और अब आखिरकार प्रशंसकों को फिल्म की झलक देखने को मिल गई है। यह तमिल फिल्म कैथी का हिंदी रीमेक है। दृश्यम के बाद इस फिल्म में भी अजय के साथ तब्बू नजर आने वाली हैं।भोला का निर्माण अजय की प्रोडक्शन कंपनी अजय देवगन फिल्म्स ने किया है। यह फिल्म 30 मार्च, 2023 को रिलीज होगी। टीजर में बताया गया है कि फिल्म 3डी में भी रिलीज होगी। टीजर में अजय का किरदार जेल के कैदी के रूप में दिखाया गया है। उसके हाथ में भगवद् गीता और माथे पर भस्म है। टीजर में यह सस्पेंस बनाया गया है कि वो कौन है? इसके जवाब के लिए अब दर्शकों के ट्रेलर का इंतजार करना होगा।इस फिल्म का निर्देशन खुद अजय ने किया है। फिल्म में मुख्य भूमिका में अजय, तब्बू और राई लक्ष्मी नजर आएंगे। आईएमडीबी के अनुसार फिल्म में संजय मिश्रा और दीपक डोबरियाल भी नजर आएंगे। यह तमिल फिल्म कैथी का हिंदी रीमेक है। कैथी 2019 में रिलीज हुई थी जिसमें अभिनेता कार्ति मुख्य भूमिका में नजर आए थे। भोला का टीजर आने के बाद दर्शकों का कहना है कि सिर्फ अजय ही किसी रीमेक के साथ न्याय कर सकते हैं।रिपोर्ट्स के अनुसार पहले इस फिल्म का निर्देशन धरमेंद्र शर्मा करने वाले थे। रन वे 34 में निर्देशन के लिए प्रशंसा मिलने के बाद इस फिल्म के निर्देशन की कमान भी अजय ने अपने हाथों में ले ली।इन दिनों अजय और तब्बू की फिल्म दृश्यम 2 सिनेमाघरों में छाई हुई है। 2015 की दृश्यम के सीक्वल का लोगों को इंतजार था। यही वजह है कि फिल्म रिलीज होते ही अच्छी-खासी भीड़ सिनेमाघरों में देखने को मिली। फिल्म इस साल पहले वीकेंड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड की दूसरी फिल्म बन गई है। पहले नंबर पर ब्रह्मास्त्र कायम है। दृश्यम की तरह ही इसके सीक्वल का सस्पेंस भी दर्शकों को पसंद आ रहा है।भोला के अलावा तब्बू फिल्म कुत्ते का हिस्सा हैं। इस फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज के बेटे आसमान भारद्वाज कर रहे हैं। इस फिल्म में अर्जुन कपूर मुख्य भूमिका में दिखेंगे।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338